Discover your divinity with us
A/C Showroom
ज्ञान गंगा ॐ मूर्ति माला केन्द्र
उजाला भवन स्टेशन रोड, दुर्ग
0788-4030383, 3293199
भगवान के वस्त्र, श्रृंगार मूर्तियां एवं समस्त पूजन सामग्री संगमरमर व पीतल की मूर्तियां राशि रत्न एवं उपरत्न उपलब्ध

राष्ट्र एवं राज्य के प्रगति पथ पर...

# समय दर्शन

ESTD : Since 2011

रायपुर एवं दुर्ग से प्रकाशित

संस्थापक : स्व. श्रीमती निलिमा खड़तकर

निष्पक्ष निर्भीक खबरों के साथ

श्री
दुर्ग शहर में सुप्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य
माँ दुर्गा उपासक मां बगुलामुखी, माँ कामख्या, माँ भद्रकाली, माँ शतचंडी की असीम कृपा साधना द्वारा समस्त समस्याओं का मार्ग दर्शन हेतु
पं. एम.पी. शर्मा/
मो. 8109922001
फीस 251/- मात्र
पता:- श्री दुर्गा ज्योतिष कार्यालय सिकोला भाठा, सब्जी मार्केट के सामने, धमधा नाका, दुर्ग

वर्ष 14, अंक 67 पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रूपये दुर्ग, सोमवार 23 दिसम्बर 2024 www.samaydarshan.in

## पहला कॉलम

### केजरीवाल के खिलाफ मुकदमा चलाने की अनुमति की खबर को आप ने बताया गलत

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के खिलाफ उपराज्यपाल द्वारा प्रवर्तन निदेशालय को मुकदमा चलाने की मंजूरी देने की मीडिया में आई खबरों को पार्टी ने फर्जी और झूठी करार दिया है। मीडिया में इस तरह की खबरें फैलाने की सूचना मिलने के बाद आप के मनीष सिसोदिया, संजय सिंह, दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी समेत कई अन्य वरिष्ठ नेताओं ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर इसका खंडन किया। सबने ईडी को उपराज्यपाल (एलजी) के उस आदेश की कॉपी दिखने की चुनौती दी। साथ ही कहा कि यह सिर्फ बाबासाहेब अंबेडकर के अपमान के मुद्दे से दिल्ली के लोगों का ध्यान भटकाने और उन्हें गुमराह करने के लिए किया जा रहा है।

### हरियाणा के भू-जल कमी वाले प्रत्येक ब्लॉक पांच जलाशयों का होगा विकास

**चंडीगढ़।** हरियाणा की सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी ने राज्यभर में भू-जल कमी वाले प्रत्येक ब्लॉक में कम से कम पांच जलाशयों के विकास की महत्वाकांक्षी पहल की घोषणा की है। इस प्रयास का उद्देश्य बारिश के पानी का प्रभावी ढंग से संरक्षण करना और पानी की कमी की बढ़ती संभावना के दृष्टिगत पानी की उपलब्धता की चुनौतियों का समाधान करना है। श्रुति चौधरी ने इस संबंध में आयोजित बैठक के दौरान जलाशयों के विकास हेतु प्रशासनिक सचिवों और विकास एवं पंचायत विभाग के अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक बुलाए जाने का प्रस्ताव रखा। इसका प्राथमिक उद्देश्य इन जलाशयों के निर्माण के लिए प्रत्येक ब्लॉक में कम से कम एक हेक्टेयर पंचायत भूमि की पहचान करने हेतु समन्वय स्थापित करना है। सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री ने मानसून के मौसम में मारकंडा, टांगरी, घग्गर और यमुना जैसी प्रमुख नदियों से अतिरिक्त जल का दोहन और संरक्षण करने के लिए तकनीकी रूप से व्यवहार्य योजना की आवश्यकता पर बल दिया।

### सेरूणा में बस से भिड़ी कार, कांस्टेबल और नर्स की मौत

**बीकानेर।** राजस्थान के बीकानेर में सुबह सेरूणा थाना इलाके में कार और बस की भीषण टक्कर में एक पुलिस कांस्टेबल और एक नर्सिंग स्टाफ की मौत हो गई। मृतक की पहचान हरियाणा पुलिस के कांस्टेबल 30 वर्षीय अजय और उनकी पत्नी रितु के रूप में हुई है। सेरूणा थानाधिकारी पवन शर्मा ने बताया कि दुर्घटना जोधासर व झंझेऊ के बीच स्थित शाही होटल के पास हुआ। मृतक अर्टिगा कार में थे। संभवत- हादसा ओवरटेकिंग के वक्त हुआ है। थानाधिकारी के अनुसार, दोनों वाहनों की स्पीड 70 से अधिक नहीं थी। घटनास्थल पर सड़क की बैलेंसिंग सही नहीं है। सड़क ऊबड़-खाबड़ है। इसी वजह से ओवरटेकिंग के समय कार गति नहीं पकड़ पाई होगी।

'द ऑर्डर ऑफमुबारक अल कबीर' से हुए सम्मानित

# पीएम मोदी को मिला कुवैत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान

कुवैत/ एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को कुवैत ने अपने सर्वोच्च सम्मान 'ऑर्डर ऑफमुबारक अल कबीर' से सम्मानित किया है। यह सम्मान भारत के लिए भी बेहद खास है क्योंकि यह किसी भी देश द्वारा प्रधानमंत्री मोदी को दिया गया 20वां अंतरराष्ट्रीय सम्मान है। मुबारक अल कबीर आदेश कुवैत का एक नाइटहुड आदेश है। यह सम्मान मित्रता के प्रतीक के रूप में राष्ट्राध्यक्षों, विदेशी राष्ट्राध्यक्षों और विदेशी शाही परिवारों के सदस्यों को मिलता है। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले अंतर्राष्ट्रीय नेता नहीं है जिन्हें ये सम्मान मिला है। उनसे पहले यह पुरस्कार बिल क्लिंटन, प्रिंस चार्ल्स और जॉर्ज बुश जैसे विदेशी नेताओं को प्रदान किया जा चुका है। शनिवार को दो दिवसीय यात्रा पर कुवैत पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी 43 वर्षों में इस खाड़ी देश की यात्रा करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री हैं। साथ ही वो भारत के पहले प्रधानमंत्री हैं जिन्हें ये पुरस्कार मिला है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा कि कुवैत के महामहिम अमीर शेख मेशल अल अहमद अल जबर अब सबा के



साथ मुलाकात की है। हमने फार्मास्यूटिकल्स, आईटी, फिनटेक, इंफ्रास्ट्रक्चर और सुरक्षा जैसे प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा की है। दोनों देशों के बीच घनिष्ठ संबंध है। हमने अपनी साझेदारी को रणनीतिक स्तर पर बढ़ाया है। उम्मीद है कि आने वाले समय में हमारी दोस्ती को मजबूती मिलेगी। भारत कुवैत के शीर्ष व्यापारिक साझेदारों में शुमार है। कुवैत में सबसे बड़ा भारतीय प्रवासी समुदाय रहता है। इससे पहले दोनों देशों के बीच 2023-24 में 10.47 बिलियन अमेरिकी डॉलर का व्यापार हुआ था। कुवैत भारत का छठा सबसे बड़ा कच्चे तेल का आपूर्तिकर्ता है। ऊर्जा जरुरतों का तीन प्रतिशत हिस्सा कुवैत से आए तेल के जरिए ही पूरा होता है। बता दें कि भारतीय निर्यात कुवैत में पहली बार 2 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचा है। इससे पहले पिछले महीने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गुयाना और बारबाडोस ने पीएम मोदीको अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया था। गुयाना ने पीएम मोदी को सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान- द ऑर्डर ऑफएक्सीलेंस से सम्मानित किया था, वहीं बारबाडोस में पीएम मोदी को प्रतिष्ठित ऑनररी ऑर्डर ऑफ फ्रीडम ऑफ बारबाडोस सम्मान दिया गया था। डोमिनिका ने भी उन्हें हाल ही में सर्वोच्च सम्मान दिया था। वैश्विक स्तर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता सर्वाधिक है।

### पीएम मोदी कुवैती नेतृत्व के साथ वार्ता की, कई क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा हुई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कुवैत के अमीर शेख मेशाल अल-अहमद अल-जबर अल-सबा के साथ व्यापक वार्ता की। इस दौरान दोनों नेताओं ने अपनी चर्चा में सूचना प्रौद्योगिकी, औषधि, फिनटेक, बुनियादी ढांचे और सुरक्षा क्षेत्र में संबंधों को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित किया। पीएम मोदी ने इस दौरान की कुछ तस्वीरें अपने सोशल मीडिया हैंडल 'एक्स' पर साझा की। पीएम मोदी ने लिखा, 'कुवैत के महामहिम अमीर शेख मेशाल अल-अहमद अल-जबर अल सबा के साथ शानदार बैठक। हमने औषधि, सूचना प्रौद्योगिकी, फिनटेक, अवसंरचना और सुरक्षा जैसे प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा की। ' उन्होंने आगे लिखा, 'हमारे देशों के बीच घनिष्ठ संबंधों के अनुरूप हमने अपनी साझेदारी को रणनीतिक स्तर तक बढ़ाया है तथा मैं आशावादी हूं कि आने वाले समय में हमारी दोस्ती और भी अधिक विकसित होगी। पीएम मोदी शनिवार को दो दिवसीय यात्रा पर कुवैत पहुंचे, जो 43 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की इस खाड़ी देश की पहली यात्रा है। रविवार को कुवैत के सर्वोच्च सम्मान 'द ऑर्डर ऑफ मुबारक अल कबीर' से सम्मानित किया गया।

हिरासत में लिए गए छह लोग

# साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन के आवास पर तोड़फोड़ की

नई दिल्ली/ एजेंसी



साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन के आवास पर उस्मानिया विश्वविद्यालय संयुक्त कार्रवाई समिति के सदस्य होने का दावा करने वाले व्यक्तियों के एक समूह ने तोड़फोड़ की। इस मामले में छह लोग हिरासत में लिए गए हैं। एक चौंकाने वाला वीडियो सामने आया है, जिसमें उस्मानिया विश्वविद्यालय के संयुक्त कार्य समिति के सदस्यों ने अर्जुन के हैदराबाद स्थित जुबली हिल्स स्थित आवास पर हमला किया है।वीडियो में कार्यकर्ताओं को उनके आवास पर पत्थरबाजी करते हुए देखा जा सकता है। रविवार को उस्मानिया यूनिवर्सिटी के छात्रों के एक समूह ने अर्जुन के घर के बाहर हंगामा किया और टमाटर फेंके। इस घटना में घर के अंदर रखे फूलों के गमले भी टूट गए। इसके तुरंत बाद पुलिस ने घटना के सिलसिले में छह व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया और उन्हें जुबली हिल्स पुलिस स्टेशन ले जाया गया। घटना के समय अल्लू अर्जुन अपने घर पर नहीं थे। उस्मानिया विश्वविद्यालय के संयुक्त कार्य समिति के सदस्य अभिनेता के घर में जबरन घुसने की कोशिश कर रहे थे और रेवती के परिवार को एक करोड़ का मुआवजा देने की मांग कर रहे थे। उन्होंने भगदड़ में घायल हुए नौ वर्षीय पीड़ित श्रीतेज को न्याय दिलाने की भी मांग की, जिसका हैदराबाद के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस मामले में जुबली हिल्स पुलिस ने कहा कि उस्मानिया विश्वविद्यालय संयुक्त कार्रवाई समिति के छह सदस्यों ने अभिनेता अल्लू अर्जुन के आवास पर पथराव किया। तख्तियां पकड़ लीं और विरोध प्रदर्शन किया।

बड़े आंदोलन की चेतावनी दी

# महापंचायत में टिकैत ने दिया एकजुट रहने का मंत्र बंटोगे तो लुटोगे

एटा/ एजेंसी

एटा के मारहरा रोड पर शनिवार को किसान महापंचायत में आए भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश टिकैत ने हक की लड़ाई के लिए किसानों को एकजुट रहने का मंत्र दिया। कहा कि बंटोगे तो लुटोगे। केंद्र व प्रदेश की सरकार ने किसानों की आय दोगुनी करने की बात कही थी, लेकिन आय दोगुनी नहीं हुई। कर्ज जरूर दोगुना हो गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने संसद परिसर में धक्का-मुक्की मामले को लेकर कहा कि देश के इतिहास में यह पहली घटना हुई है कि तहरीर के आधार पर एक बड़े नेता पर रिपोर्ट दर्ज की गई। इससे संसद की गरिमा को गिराने का कार्य हुआ है। महापंचायत में उन्होंने कहा कि खेत में हम पैदावार करते हैं उसका सही मूल्य हम तक नहीं पहुंचता। बिचौलिए बीच में अपना हिस्सा लेते हैं। किसानों को यूरिया, डीएपी नहीं मिल पा रही है। सरकार चाहती है कि किसान परेशान होकर उसे अपनी जमीन बेच दे। कहा कि संगठित रहो, सरकार हमें लूट लेगी। जल्द दिल्ली से एक बड़ा आंदोलन होने जा रहा है। कहा कि 2013 से सर्किल रेट नहीं बढ़ाए हैं। जबकि सरकार किसानों की जमीन का अधिग्रहण लगातार कर रही है, सर्किल रेट बढ़ाना चाहिए। इस पर कोई बात नहीं होती है। किसान आयोग की रिपोर्ट पर कुछ नहीं होता है। स्थानीय मुद्दे उठाते हुए कहा कि जिले में पानी के लिए पाइप लाइन डाली जा रही है। भूमि अधिग्रहण हो रहा है।



### महापंचायत में राकेश टिकैत ने दिया एकजुट रहने का मंत्र

किसान महापंचायत में आए भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश टिकैत ने कहा कि एकजुट रहो, सरकार हमें लूट लेगी। जल्द ही दिल्ली से एक बड़ा आंदोलन शुरू होने वाला है। महापंचायत में उन्होंने आगे कहा कि हम जो उपज खेत में उगाते हैं, उसका हमें सही दाम नहीं मिलता। बीच में बिचौलिए अपना हिस्सा ले लेते हैं। किसानों को यूरिया, डीएपी नहीं मिल पा रहा है। सरकार चाहती है कि किसान परेशान होकर अपनी जमीन उसे बेच दें।

### कन्नौज में नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी पूर्व सपा नेता का होटल जब्त

**कन्नौज।** उत्तर प्रदेश के कन्नौज में नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में जेल में बंद समाजवादी पार्टी नेता नवाब सिंह का होटल पुलिस ने शनिवार को जब्त कर लिया। भारी पुलिस बल की मौजूदगी में डुगडुगी बजवाकर होटल को सील कर दिया गया। सीओ सिटी कमलेश कुमार ने बताया कि नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी नवाब सिंह यादव पर गैंगस्टर एक्ट की धाराओं में कार्रवाई की गई थी जिसके बाद उनकी संपत्तियों को खंगालने का काम किया जा रहा है। होटल चंदन को उन्होंने कमाई के अवैध स्रोतों से बनवाया था।

अब फिर चलेगा बुलडोजर

# बावड़ी, कुआं और कमरा... संभल में दूसरे दिन खुदाई के दौरान क्या-क्या मिला.. ?

चंदौसी। एजेंसी

संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम को प्रार्थना पत्र देकर हिंदू संगठन के लोगों की ओर से चंदौसी में स्थित मंदिर और बावड़ी कुआं पर कुछ लोगों द्वारा कब्जा कर उन्हें विलुप्त किए जाने का आरोप लगाते हुए इनको वास्तविक स्वरूप में लाकर संरक्षित करने की मांग की गई थी। इस पर मुहल्ला लक्ष्मण गंज शनिवार की शाम खुदाई शुरू हुई तो बावड़ी का अस्तित्व नजर आया। रविवार को भी पूरे दिन खुदाई का काम चला। इसमें अब बावड़ी के अंदर बने कमरे नजर आने लगे हैं। डीएम व एसपी ने मौके पर पहुंचकर स्थिति देखी और बांके विहारी मंदिर का भी जीर्णोद्वार कराने की बात कही। प्रशासन के पास मौजूद नक्शे के अनुसार, पूरी तरह से मिट्टी में दबा दी गई बावड़ी 400 वर्ग मीटर क्षेत्र में बनी है, जबकि मौके पर 210 वर्ग मीटर ही जगह है। बाकी जगह पर आसपास के लोगों ने कब्जा कर पक्का निर्माण करा लिया



है। चार मंजिला बावड़ी में नीचे की ओर कुआं है। इसमें चार कमरे बने हुए बताए जा रहे हैं। इसकी दो मंजिलों को मार्वल से तैयार कराया गया है, जबकि ऊपरी मंदिल को ईंट से बनाया गया हैं। बताया जाता है कि इसे बिलारी के राजा ने बनवाया था। कई दशक पूर्व लोगों ने इसे मिट्टी में दबा दिया था। अब बावड़ी के साथ ही इसी मुहल्ले में स्थित बांके बिहारी मंदिर का भी जीर्णोद्वार कराए जाने का प्रशासन की ओर से आश्वासन दिया गया है। तीन दिन पहले एसडीएम को पत्र देकर हिंदू नेता कौशल किशोर वंदेमातरम द्वारा लक्ष्मणगंज में स्थित बांके बिहारी मंदिर को विलुप्त कर जमीन पर कुछ लोगों द्वारा कब्जा किए जाने का आरोप लगाते हुए ।




दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, सांसद मनोज तिवारी और वरिष्ठ नेता अरविंदर सिंह लवली नई दिल्ली के कॉनॉट प्लेस में भाजपा के संकल्प पत्र 2025 के लिए आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान।

चार सुरक्षाकर्मी घायल

# वसुंधरा राजे के काफिले की पुलिस गाड़ी पलटी..

**नई दिल्ली।** चार सुरक्षाकर्मी घायलराजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा की वरिष्ठ नेता वसुंधरा राजे को लेकर बड़ी खबर आ रही है। वसुंधरा राजे के काफ्लि में शामिल पुलिस की गाड़ी पलट गई है। इस हादसे में चार पुलिसकर्मी घायल हो गए है। ये हादसा पाली जिले के रोहट और पणिहारी चौराहे के पास हुआ है। जानकारी के मुताबिक एक बाइक सवार को बचाने की कोशिश में ये हादसा हुआ है। इस हादसे में पुलिस की बोलेरो गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई थी। पाली जिले के बाली में वसुंधरा राजे कैबिनेट के मंत्री ओटाराम देवासी की माता के निधन होने के बाद वो सांत्वना देने पहुंची थी। महादेव होटल के पास पहुंचने पर ही ये हादसा हुआ है। पुलिस का वाहन होटल के पास पलट गया जो कि वसुंधरा के काफीले को एस्कॉट कर रहा था। वसुंधरा राजे ने तत्काल ही घायल पुलिकर्मियों को एंबुलेंस के जरिए नजदीकी अस्पताल भिजवाया है।

ब्रू आदिवासी गांव के दौरे के दौरान बोले शाह

# वाम शासनकाल में पिछड़ा रहा त्रिपुरा भाजपा ने किया विकास

नई दिल्ली/ एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को विस्थापित ब्रू आदिवासियों के पुनर्वास वाले एक गांव का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने वामदलों पर 35 साल के अपने शासन के दौरान त्रिपुरा को 'पिछड़ा' राज्य बनाने का आरोप लगाया। एक जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि 2018 में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राज्य की सत्ता में आने के बाद ही यहां प्रगति हो सकी। अमित शाह ने कहा कि कम्युनिस्ट शासन के दौरान त्रिपुरा विकास के सभी मानदंडों पर पीछे रह गया था, लेकिन अब प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, '35 साल तक कम्युनिस्टों ने त्रिपुरा पर शासन किया। कम्युनिस्टों ने दावा किया कि उन्होंने गरीबों के कल्याण के लिए काम किया। कांग्रेस ने भी काफी समय तक त्रिपुरा पर शासन किया। लेकिन राज्य के लोग हमेशा गरीब ही रहे। जब भाजपा सत्ता में आई, तब त्रिपुरा में विकास हुआ। शाह ने कहा कि जब वह 2017 में भाजपा अध्यक्ष के तौर पर त्रिपुरा आए थे और पांच दिन रुके थे, तब केवल 11 लोगों ने पार्टी की सदस्यता ली थी। उन्होंने कहा, 'धीरे-धीरे हमने अपना काम शुरू किया। हमने कड़ी मेहनत की और सालों की मेहनत के बाद कम्युनिस्टों को सत्ता से बाहर कर पाए।'गृह मंत्री ने कहा कि वामपंथी शासन के दौरान



सिर्फ 2.5 प्रतिशत लोगों को नल से पीने का पानी मिलता था और अब 85 प्रतिशत लोगों को पीने योग्य पानी मिलता है। उन्होंने कहा कि कम्युनिस्ट शासन के तहत गरीबों को मुफ्त अनाज नहीं मिलता था, लेकिन अब प्रत्येक व्यक्ति को पांच किलोग्राम चावल मिलता है और सभी को पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिल रहा है। शाह ने कहा कि त्रिपुरा में निवेश आया है और लोगों को मुफ्त बिजली और एलपीजी कनेक्शन मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब स्कूल छोड़ने की दर तीन प्रतिशत से भी कम है, जबकि नामांकन 99 प्रतिशत है, लेकिन वामपंथी शासन के दौरान यह दर बहुत खराब थी। उन्होंने कहा, 'विद्रोहियों के साथ शांति समझौते पर हस्ताक्षर के बाद अब त्रिपुरा में शांति है। मां त्रिपुरसुंदरी के आशीर्वाद से त्रिपुरा देश के सबसे विकसित राज्यों में से एक होगा। आज मुझे अपार खुशी मिल रही है।'शरणार्थियों के पुनर्वास का जिक्र करते हुए गृह मंत्री ने कहा कि केंद्र और राज्य की भाजपा सरकारों ने 40,000 विस्थापित लोगों के पुनर्वास का फैसला किया है। उन्होंने कहा, 'ब्रू लोग अमानवीय परिस्थितियों में रह रहे थे।

## संक्षिप्त समाचार

### ग्राम पंचायत पेंड्रीतराई द्वारा फर्नीचर का वितरण



**होमन सिंह ठाकुर समय दर्शन नंदिनी अहिवारा।** शासकीय प्राथमिक शाला कोकड़ी संकुल सेमरिया विकासखंड धंमधा जिला दुर्ग में आज दिनांक 20/12/2024 को ग्राम पंचायत पेंड्रीतराई द्वारा फर्नीचर ऑफिस टेबल , चेयर , वितरण किया गया इस अवसर स्स्ष्ट अध्यक्ष एवं उपसरपंच श्रीमती नोमिन डहरिया ,ईश्वर डहरिया , अशोक जांगड़े , प्रधान पाठक श्री खिलेंद्र बघेल , शिक्षक सूर्य प्रकाश सोनकन्डे , शीतल यादव, की उपस्थिति रही !

### सुशासन दिवस में बच्चों ने दिखाई अपनी प्रतिभा, शासकीय प्राथमिक एवम पूर्व माध्यमिक शाला पेंड्रीतराई



**होमन सिंह ठाकुर समय दर्शन नंदिनी अहिवारा।** शासकीय प्राथमिक एवम् पूर्व माध्यमिक शाला पेंड्रीतराई,संकुल सेमरिया विकासखंड धमधा जिला दुर्ग में सरकार गठन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन हुआ।विद्यालय के कक्षा पहिली से आठवीं तक के छात्र- छात्राओं ने प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं व सुशासन पर जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, न्यौता भोज, महतारी वंदन महतारी दुलार, पोषण अभियान जैसी योजनाओं व सुशासन व्यवस्था पर मनमोहक न्योता भीजन चित्रकला, पोस्टर बना कर प्रदर्शित किया। छात्राओं को सुशासन व्यवस्था पर मुख्यमंत्री के नाम पर पत्र लेखन कराया गया। मेहंदी,रंगोली,फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए मनमोहक कलाकृतियों का प्रस्तुतीकरण किया। इस कार्यक्रम में प्रधान पाठक दीप्ति किरण तिर्की,प्रधान पाठक थानसिंह चुरेंद्र,संकुल समन्वयक सूर्यकांत हरदेल,शिक्षक चंद्रकांत,संतोष कुमार पात्रे,मिथलेश कुमार जायसवाल, षडानंद देशलहरे,नीलम शशि कुजूर और समस्त छात्रों की सहभागिता रही।

### अर्द्धवार्षिक परीक्षा उपरांत प्राथमिक शाला बरगा में तृतीय पालक-शिक्षक बैठक संपन्न



**साजा (समय दर्शन)।** प्राथमिक शाला बरगा में अर्धवार्षिक परीक्षा के उपरांत तृतीय पालक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित पालकों को बैठक के उद्देश्य एवं महत्व से अवगत कराया गया। प्रथम पाठक कन्हैया लहरे ने बैठक में 12 महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की, जिनमें मेरा कोना, दिनचर्या, और बस्ता विहीन शनिवार जैसे शैक्षणिक पहल शामिल थे। बैठक में बच्चों के अर्धवार्षिक परीक्षा के परिणाम साझा किए गए। कक्षा में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया, जिससे अभिभावकों और बच्चों में उत्साह का संचार हुआ।प्रधान पाठक ने अभिभावकों को बच्चों की नियमित उपस्थिति और पढ़ाई पर जोर देने की सलाह दी। कार्यक्रम में शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष बुद्धिसागर साहू, खेमलाल पाल, गोपाल साहू, लूपसिंग साहू, पुनाराम साहू, प्रेमलाल पाल, जयपाल लहरे, और अन्य विशिष्ट ग्रामीण जनों ने भाग लिया। शाला के शिक्षकों रामनारायण पटेल, युक्ति साहू, सविता पाल तथा अन्य सदस्यों ने कार्यक्रम को सफ्ल बनाने में सहयोग दिया। इस बैठक ने पालकों और शिक्षकों के बीच संवाद को प्रोत्साहित करते हुए बच्चों के उज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया।

# देश के लोकतांत्रिक मूल्यों पर हमला है नेता विपक्ष के खिलाफएफ्आईआर : कांग्रेस



**राजनांदगांव।** शीतकालिन सत्र के दौरान केंद्रीय गृहमंत्री द्वारा संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के संदर्भ में की गयी टिप्पणियों तथा संसद में भाजपा सांसदों द्वारा कांग्रेस अध्यक्ष, विपक्ष के नेता और अन्य विपक्षी सांसदों के साथ दुर्व्यवहार किया गया और इस ज्वंलत मुद्दे से पूरे देश का ध्यान भटकाने के लिए लोकसभा के विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफझूठी एफ्आईआर दर्ज की।

उल्लेखनीय है कि संसद भवन में शांतिपूर्वक हाथ में बैनर-पोस्टर प्रदर्शन कर रहे कांग्रेसी सांसदों के साथ भाजपा सांसदों द्वारा बलपूर्वक धक्का और संसद भवन के भीतर दाखिल न होने देने के अलोकतांत्रिक कुत्सित प्रयास का कांग्रेस पार्टी निंदा करती है।

यह संविधान निर्माता डा. बाबा साहेब अम्बेडकर जी के बारे में केंद्रीय गृहमंत्री की अपमानजनक असंसदीय टिप्पणियों से ध्यान हटाने और असहमति की आवाज़ों को दबाने का भाजपा का एक प्रयास है। यह सिर्फ व्यक्तिगत नेताओं पर हमला नहीं हैं, बल्कि हमारे देश के लोकतांत्रिक मूल्यों पर भी हमला है, जिसको लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा व जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू के नेतृत्व में विरोध रैली निकली।

इसके विरोध में गुरूवार 20 दिसंबर को शहर और जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय कांग्रेस भवन से मानव मंदिर, सिनेमा लाइन, आजाद चौक, गुड़ाखु लाइन, जूनीहटरी से रैली जयस्तंभ चौक में समाप्त हुई। जिसमें कांग्रेसजन द्वारा तख्ती-बैनर द्वारा भाजपा के कांग्रेस नेता राहुल गांधी के ऊपर झूठी एफ्आईआर का षंडयंत्र को नारे लगाते हुए रैली निकाली। रैली के माध्यम से कांग्रेसजन बाबा साहेब अम्बेडकर के खिलाफ अनर्गल टिप्पणी का विरोध,ए केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग, राहुल गांधी के ऊपर झूठे एफ्आईआर को निरस्त करने की मांग कर रहे थे।

विरोध रैली में प्रमुख रूप से पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, महापौर हेमा देशमुख, वरिष्ठ कांग्रेसी श्रीकिशन खंडेलवाल, पीसीसी महासचिव शाहिद खान, डा. आफ्ताब आलम, मेहुल मारू, रमेश राठौर, रूपेश दुबे, श्रीमती शारदा तिवारी, विकास त्रिपाठी, मोहम्मद यहया, अमित चंद्रवंशी, नरेश शर्मा, नासिर जिंदरान, ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली, सुरेश पटेल, अशोक फड़नवीस, महिला कांग्रेस अध्यक्ष माया शर्मा, रोहित चंद्राकर, गोपीचंद गायकवाड़, रौशनी सिन्हा, मोहिनी सिन्हा, प्रज्ञा गुप्ता, ललिता साहू, सुनीता सिन्हा, रौशनी वैष्णव, योगेन्द्र वैष्णव, रीना पटेल, शाहिना, ललिता, मामराज अग्रवाल, सुरेन्द्र देवांगन, चेतन सिन्हा, दामिनी साहू, चेतनदास साहू, नरेन्द्र साहू, राहुल देवांगन, संदीप जायसवाल, अर्जुन कुर्रे, संदीप सोनी, भोला यादव, मुस्तफा जोया, सुरेन्द्र गजभिए, संजय साहू, निलेश ठावरे, शिवम गढ़पायले,ए शैलेष ठावरे, भरत सोनी, प्रियेश मेश्राम, नारायण सोनी, सुरेश सिन्हा, जितेन्द्र शर्मा, चंद्रकला देवांगन, मधुबाला श्रीवास्तव, सिद्धार्थ डोंगरे, अतुल शर्मा, विष्णु सिन्हा, हिम्मत पवार, महेश साहू, मनीष साहू, सौम्य शर्मा सहित बड़ी संख्या में जिले एवं शहर कांग्रेस के कार्यकता शामिल हुए।

## भीम आर्मी भारत एकता मिशन(कां.)महासमुंद द्वारा सामाजिक न्याय यात्रा निकला गया



**गेंददास मानिकपुरी सिटी रिपोर्टर/ महासमुंद : (समय दर्शन)।** भीम आर्मी भारत एकता मिशन(कां.)द्वारा छत्तीसगढ़ के प्रत्येक जिले में सामाजिक न्याय यात्रा का दूसरा चरण निकाला गया जिसमे 16 सूत्रीय मांगो को लेकर दिनांक 21.12.2024 दिन शनिवार को भीम आर्मी भारत एकता मिशन महासमुंद द्वारा राष्ट्रपति के नाम एसडीएम(स्छरू)महासमुंद को ज्ञापन दिया गया द्य इस सामाजिक न्याय यात्रा के दूसरा चरण में भीम आर्मी भारत एकता मिशन प्रदेश कमेटी के पदाधिकारी संतोष निराला प्रदेश उपाध्यक्ष,मनिन्दर सिंह आजाद प्रदेश महासचिव,वीरेंद कुर्रे प्रदेश प्रवक्ता,जिला कमेटी महासमुंद के पदाधिकारी आकाश डोंगरे जिला प्रभारी.सुशील बघेल जिलाध्यक्ष,डोमार सिंह बंजारे जिला सचिव,सोनीलाल जांगड़े जिला उपाध्यक्ष,द्वारका कुर्रे जिला महासचिव और अन्य पदाधिकारी सदस्य इस यात्रा में शामिल थे द्य

## जिले में स्वीकृत शत प्रतिशत आवासों का निर्माण कार्य शीघ्र शुरू करें - कलेक्टर



**मुंगेली (समय दर्शन)**//कलेक्टर राहुल देव ने जिला पंचायत सभागार में प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यों की प्रगति की गहन समीक्षा की। उन्होंने सभी जनपद सीईओ, एसडीओ, इंजीनियरों, तकनीकी सहायकों और आवास मित्रों की बैठक लेकर जिले में स्वीकृत शतप्रतिशत आवासों का निर्माण कार्य को शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। साथ ही निर्माणाधीन आवासों को यथाशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि शासन द्वारा जिले के लिए 15 हजार 336 नए आवास स्वीकृत किया गया है, जिनमें से 07 हजार आवासों का निर्माण कार्य प्रारंभ कर लिया गया है। उन्होंने शेष आवासों के निर्माण कार्य को भी शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने समस्त आवास मित्रों को ऑनलाइन फ्रॉड से हितग्राहियों को बचाने के लिए आवश्यक सुझाव दिए। जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय ने हितग्राहीवार आवासों के निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ली और संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों को फील्ड में जाकर निर्माण कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के उपसंचालक सुश्री भूमिका देसाई एवं समस्त जनपदों के जनपद पंचायत सीईओ और योजना के अन्य अमले उपस्थित रहे।

## मुंगेली पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के निर्देशन मे मुंगेली पुलिस की त्वरित कार्यवाही

### थाना जरहागांव क्षेत्रांतर्गत मुकबुधिर महिला के साथ सामुहिक दुष्कर्म करने वाले 03 आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा गया




**मुंगेली** /// जिला मुंगेली अंतर्गत थाना जरहागांव क्षेत्रांतर्गत दिनांक 19.12.2024 को मंदबुद्धि (अर्थविक्षिप्त) मुकबधिर शाम करीबन 04.00 बजे नहाने के लिये घर से निकली थी वापस घर नही आने पर परिजनों के द्वारा ढुढ़ने पर पड़ियाइन के तीन लड़के मुकबधिर को मोटर सायकल मे बैठाकर अमलीकापा खार मे ले जाकर दैहिक शोषण (बलात्कार) किये है और मोबाइल से विडियो फोटो खींचे है, उक्त तीनो राजु टंडन, बिरीज पात्रे, जलेश कुमार रात्रे को गांव वाले पकड़े है इस संबंध मे सुचना प्राप्त होने पर तत्काल जरहागांव पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर मौके पर पुछताछ कर वरिष्ठ अधिकारियों का अवगत कराया गया जिस पर मामले के गंभीरता को देखते हुये श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय मुंगेली, भोजराम पटेल (भा.पु.से.) के द्वारा त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिये जाने परिपालन में अति. पुलिस अधीक्षक महोदय मुंगेली, पंकज पटेल एवं एस.डी.ओ.पी मुंगेली मयंक तिवारी सर के मार्ग दर्शन पर पीड़िता की मां की रिपोर्ट पर अपराध क्र. पीड़िता के मां की रिपोर्ट पर अपराध क्र. 207/24 धारा 137 (2), 140 (4), 64(2)(द्म),70 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया जाकर मंदबुद्धि (अर्थविक्षिप्त) पीड़िता का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया व महिला पुलिस अधिकारी से पीड़िता के मां का कथन लेख किया गया, प्रकरण मे आरोपीगण राजु टण्डन पिता राजकुमार उम्र 22 वर्ष , बिरीज रात्रे पिता चंदु उम्र 30 वर्ष , जलेश कुमार रात्रे पिता लीलदास उम्र 21 वर्ष सभी निवासी ग्राम पड़ियाइन थाना पथरिया जिला मुंगेली का कृत्य धारा सदर का अपराध घटित करना पाये जाने पर विधिवत गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमाण्ड पर जेल दाखिल किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में उपनिरीक्षक सुशील बंछोर थाना प्रभारी जरहागांव, सउनि रामकुमारी यादव, प्र.आर. महेश राज, आर. उमेश सोनवानी की अहम भुमिका रही।

## छत्तीसगढ़ के सेवारत सैनिक समूह (छत्तीसगढ़ के माटी पुत्र) ने फिर से दिया सहयोग राशि



**जांजगीर समय दर्शन** //छुट्टी में आए सिपाही प्रेम नारायण मराबी पिता सुकुल सिह मराबी ग्राम हर्राडीह पेंड्रा के निवासी जो की ARMY AIR DEFENCE में सेवारत थे उनका 12 दिसंबर को सड़क दुर्घटना में देहांत हो गया विदित है की संजय कुमार साहू, हीरालाल सिंहा, रामनाथ राठौर, हीरालाल रजवाड़े, परमेश्वर कर्ष, धर्मेंद्र राजपूत, खोगेन्द्र और अन्य फौजी मिलकर 2021 में एक ग्रुप छत्तीसगढ़ के माटी पुत्र बनाया है जिसका उद्देश्य छत्तीसगढ़ के कोई भी सेवारत सैनिक जवान शहीद या देहांत होता है तो उनके लिए यह ग्रुप सहायता राशि इकट्ठा करते है। और फ्रि उनके दशगात्र के दिन ग्रुप के किसी सदस्य द्वारा इस राशि को दान सूची और पता के साथ शहीद परिवार को प्रदान करते है। यह ग्रुप 2021 में शहीद प्रतीक आदित्य ग्राम केरा (शिविरीनारायण) के परिवार को 61923/- रु का सहायता राशि प्रदान किया तथा 2022 में ग्राम भेड़नी बेमेतरा जिला के शहीद पोषण राम साहू के परिवार को 23 हज़ार कुछ रुपये और हाल ही अक्टूबर में शहीद लांस हवलदार उमेश कुमार साहू के परिवार को 66000/- रुपये का सहायता राशि प्रदान किया गया।

और हर बार की भाँति यह चौथी बार इस ग्रुप ने 87853/- रुपये इकट्ठा किया और उनके परिजन को सौपा गया इस दौरान ग्रुप के हवलदार ङ्ग स मरावी तथा गांव के सरपंच उपस्थित रहे।

# सुसाशन का आधार पारदर्शिता और समावेशिता



**बागबाहरा(समय दर्शन)।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रदेश में सुसाशन की दिशा में किए गए एक वर्ष के उत्कृष्ट कार्यों के उपलक्ष्य में फ्रसुसाशन सप्ताह फ्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने और उनके शत-प्रतिशत क्रियान्वयन के लिए एक व्यापक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सरकारी योजनाओं और सेवाओं की जानकारी को लोगों तक पहुँचाकर अधिक से अधिक लाभान्वित करना और जनभागीदारी के माध्यम से समाज में समृद्धि और विकास को बढ़ावा देना है।

**कार्यक्रम का आयोजन-** सुसाशन सप्ताह के अवसर पर बागबाहरा के खल्लारी में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में शासकीय विभागों के साथ-साथ सामाजिक संगठनों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न शिविरों, जागरूकता सत्रों और सेवाओं के माध्यम से जनहितकारी कार्यों को प्राथमिकता दी गई।

कार्यक्रम में स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें निदान सेवा परिषद के जिला समन्वयक श्री कुबेर यदु ने सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने जागरूकता अभियानों के माध्यम से नागरिकों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। स्वास्थ्य शिविर में अनेक लोग लाभान्वित हुए और उन्हें स्वास्थ्य जांच व मुफ्त दवाइयाँ उपलब्ध कराई गईं।

कार्यक्रम मे वक्ता सह अतिथि के रूप मे उपस्थित सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. सुरेश शुक्ला ने इस कार्यक्रम के दौरान समाज में जनभागीदारी की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा, फ्रसुसाशन केवल सरकार के प्रयासों तक सीमित नहीं है; इसके लिए समाज की सक्रिय भागीदारी भी आवश्यक है। सरकार की सभी योजनाएँ जनता के हित के लिए होती हैं, लेकिन इनका शत-प्रतिशत क्रियान्वयन तभी संभव है, जब जनता भी इसमें योगदान दे।

डॉ. शुक्ला ने बताया कि समाज में जागरूकता फैलाकर और शासकीय योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुँचाकर बेहतर प्रशासन को सुनिश्चित किया जा सकता है। उन्होंने युवाओं, महिलाओं और सामाजिक संगठनों से अपील की कि वे जनसेवा में अपनी भूमिका निभाएँ और समाज के विकास में भागीदार बनें।

**सरकारी विभागों की सहभागिता-** कार्यक्रम के दौरान विभिन्न शासकीय विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने उपस्थित नागरिकों को सरकारी योजनाओं और सेवाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। लोगों को बताया गया कि किस प्रकार वे विभिन्न योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं। इस अवसर पर आयुष्मान भारत योजना, किसान सम्मान निधि योजना, श्रमिक कार्ड योजना, खाद्य सुरक्षा योजना, और शिक्षा संबंधित योजनाओं पर विशेष ध्यान दिया गया।

शासकीय अधिकारियों ने योजनाओं के आवेदन की प्रक्रिया, पात्रता मानदंड और योजनाओं से मिलने वाले लाभों के बारे में विस्तार से बताया। इसके साथ ही, कई नागरिकों को कार्यक्रम स्थल पर ही योजनाओं के लिए पंजीकरण करने की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई।

**स्वास्थ्य और स्वच्छता पर ध्यान-** कार्यक्रम में स्वास्थ्य और स्वच्छता को प्राथमिकता दी गई। स्वास्थ्य शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी स्वास्थ्य जांच कराई। इसके अलावा, जल स्वच्छता और पर्यावरण सुरक्षा के महत्व पर भी जागरूकता सत्र आयोजित किए गए।

**जनभागीदारी की आवश्यकता-** कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि समाज का हर व्यक्ति सुसाशन का एक अभिन्न अंग है। यदि समाज और सरकार मिलकर कार्य करें, तो विकास को एक नई दिशा दी जा सकती है।

डॉ. सुरेश शुक्ला ने कहा, फ्रसुसाशन का आधार पारदर्शिता और समावेशिता है। जब तक समाज के हर वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित नहीं होगी, तब तक किसी भी योजना का पूर्ण लाभ नहीं मिलेगा। सरकार और समाज को मिलकर एक ऐसी व्यवस्था बनानी चाहिए, जिसमें हर नागरिक की आवाज सुनी जा सके और उनकी समस्याओं का समाधान हो।

कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित नागरिकों, सामाजिक संगठनों और शासकीय अधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। सुसाशन दिवस का यह आयोजन न केवल सरकारी योजनाओं की जानकारी देने का एक माध्यम बना, बल्कि समाज के हर वर्ग को जोड़ने और सामूहिक रूप से समाज के विकास के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त करने का एक अवसर भी बना।

इस प्रकार, जन सेवा ही प्रभु सेवा के इस आदर्श को आत्मसात करते हुए छत्तीसगढ़ सरकार ने सुसाशन की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया। यह कार्यक्रम इस बात का सजीव उदाहरण है कि जनभागीदारी के माध्यम से समाज को उन्नति के मार्ग पर ले जाया जा सकता है।

**सार समाचार**

## दुकान के गल्ले से डेढ़ लाख पार

**रायपुर।** दंतेश्वरी हार्डवेयर दुकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने गल्ला में रखे डेढ़ लाख रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी अविनाश अग्रवाल 46 वर्ष मोनेट रोड मंदिरहसौद का रहने वाला है। प्रार्थी का दंतेश्वरी हार्डवेयर नाम से दुकान है। बताया जाता है कि अज्ञात चोर ने प्रार्थी के दुकान के शटर का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और गल्ले में रखे नकदी डेढ़ लाख रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## ट्रक चालक लाखों रुपए का सरिया लेकर फरार

**रायपुर।** ट्रक चालक 5 टन एमटी सरिया लेकर फरार हो गया। प्रार्थी की शिकायत पर धरसींवा पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी देवेन्द्र राय 53 वर्ष बीरगांव का रहने वाला है। प्रार्थी ने धरसींवा थाना में शिकायत किया कि उसके ट्रक क्रमांक सीजी 17 केजे 6107 को ड्राइवर सरीफ खान 54 वर्ष चलाता है। बताया जाता है कि चालक ने ट्रक में 5 टन एमटी सरिया लोड कर ट्रक लेकर फरार हो गया। प्रार्थी की शिकायत पर धरसींवा पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## कांग्रेस पार्टी नेतृत्व विहीन = साव

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की सियासत में और बागी नेताओं की कांग्रेस पार्टी में वापसी की चर्चा जोरों पर है. इस पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव का बड़ा बयान सामने आया है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी नेतृत्व विहीन हो चुकी है. कांग्रेस के नेता अपने कार्यकर्ताओं को संभाल नहीं पा रहे हैं, मतभेद की स्थिति है. कांग्रेस पार्टी को जनता ने स्पष्ट रूप से नकार दिया है. आने वाले दिनों में भी स्थिति और स्पष्ट नजर आ रही है. भारतीय जनता पार्टी में संगठन चुनाव को लेकर उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि बीजेपी संविधान के हिसाब से चलती है. सुव्यवस्थित से तरीके से सर्वानुमति बनाकर करने का काम हो रहा है. प्राथमिक सदस्यता और सक्रिय सदस्यता के लिए भी अभियान चलाए गए. एक-एक बूथ में कमेटी, बूथ के बाद मंडलों और जिलों की रचना हुई है. जिले के बाद प्रदेश और फिर राष्ट्रीय स्तर पर चुनाव होगा. बता दें कि हाल ही में जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) की राष्ट्रिय अध्यक्ष डॉ. रेणु जोगी ने पीसीसी चीफ दीपक बैज को पत्र लिखकर विलय का प्रस्ताव भेजा था.

**उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव नेशनल होम्योपैथी सेमिनार में शामिल हुए**

# होम्योपैथी प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाकर रोगों को ठीक करने में सक्षम - उपमुख्यमंत्री

**तात्कालिक और लम्बे समय तक मिल सकता है होम्योपैथी का लाभः मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल**



**रायपुर( समय दर्शन )।** सैकड़ो किताबें पढ़ने से जो ज्ञान नहीं मिल पाता वो विशेषज्ञों के वक्तव्य से मिल जाता है। जिन्होंने अपनी पूरी ज़िंदगी चिकित्सा के क्षेत्र को समर्पित कर दिया, रोगों को समझने में अपना बहुमूल्य समय दिया और रोगियों के उपचार में जिनका जीवन व्यतीत हुआ, सेमिनार के जरिए उनका अनुभव सुनने को मिलता है। लोगों के बीच भ्रांति है कि होम्योपैथी जल्दी असर नहीं करती, लेकिन ऐसा नहीं है। होम्योपैथी लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाकर रोगों को ठीक करने में सक्षम है। होम्योपैथी में बिना साइड इफेक्ट के सस्ते में अच्छा इलाज उपलब्ध है। बस हमें इसे प्रचारित करने की आवश्यकता है। उक्त बाते मेडिकल स्टूडेंट्स को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव ने राजधानी रायपुर के सिंधु पैलेस में होम्योपैथी रिसर्च एवं डेवलपमेंट एसोसिएशन द्वारा आयोजित नेशनल होम्योपैथी सेमिनार में कही। इस अवसर पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल उपस्थित थे। उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ माता कौशल्या की धरती और भगवान राम का ननिहाल है। यहां की संस्कृति और परंपरा की अलग पहचान है और सांस्कृतिक, पौराणिक और ऐतिहासिक रूप से छत्तीसगढ़ की समृद्ध संस्कृति का उल्लेख मिलता है। श्री साव ने कहा कि देश के अच्छे रिसर्च एवं मेडिकल संस्थान का अध्ययन करके हम छत्तीसगढ़ में भी होम्योपैथी का एक अच्छा मेडिकल कॉलेज और रिसर्च सेंटर छत्तीसगढ़ में स्थापित करने का मजबूत प्रयास करेंगे। स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने सेमिनार को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं का विकास और विस्तार हमारा उद्देश्य है। होम्योपैथी चिकित्सा के बारे में लोगों के मन में एक धारणा बनी हुई है, लोग जान एलोपैथी के इलाज से थक जाते हैं तब वह होम्योपैथी की ओर आते हैं। होम्योपैथी, नैचुरोपैथी, एलोपैथी सभी के बीच होम्योपैथी का अपना महत्व है। हमें होम्योपैथी का तात्कालिक और लम्बे समय तक लाभ मिल सकता है।

# शिक्षा व्यक्तित्व विकास में सहायक-लक्ष्मी राजवाड़े



**रायपुर( समय दर्शन )।** महिला एवं बाल विकास और समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े रायपुर के एक निजी स्कूल के सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं और विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न परीक्षाओं में उत्तीर्ण मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज के बच्चे कल के भविष्य हैं। ऐसे आयोजन से बच्चों का उत्साहवर्धन होता है। इस तरह का आयोजन विद्यार्थियों के संपूर्ण व्यक्तित्व विकास में सहायक सिद्ध होता है। मंच पर सबके सामने प्रस्तुति देने से बच्चों के अंदर की झिझक दूर होती है व रचनात्मकता एवं आत्मविश्वास बढ़ता है। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा जीवन का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो हमें ज्ञान, कौशल और आत्मविश्वास प्रदान करती है। शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है, क्योंकि यह हमें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने और अपने सपनों को साकार करने में मदद करती है। शिक्षा से हमें न केवल ज्ञान प्राप्त होता है बल्कि यह हमें सोंच, समझ और विश्लेषण करने की क्षमता को भी बढ़ाती है। यह हमें अपने जीवन में आने वाली चुनौतियों का सामना करने में मदद करती है।

# नगर निगम रायपुर महालक्ष्मी मार्केट पंडरी को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में सुव्यवस्थित बनाने शीघ्र कार्यवाही करेगा

**जोन 3 अध्यक्ष डॉ. प्रमोद साहू निगम अधिकारियों ने व्यापारियों सहित किया निरीक्षण**

**रायपुर( समय दर्शन )।** नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा पंडरी के महालक्ष्मी मार्केट परिसर को रायपुर विकास प्राधिकरण के साथ समन्वय कर पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शीघ्र सुव्यवस्थित बनाने का कार्य 15 वें वित्त आयोग मद राषि से जनहित में जनसुविधा विस्तार की दृष्टि से किया जायेगा। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व एवं उपमुख्यमंत्री नगरीय प्रषासन एवं विकास विभाग श्री अरूण साव एवं रायपुर उत्तर विधायक श्री पुरंदर मिश्रा के मार्गदर्षन में राजधानी शहर रायपुर को सुन्दर सुव्यवस्थित विकसित बनाने कार्य तेजी के साथ किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रषासन एवं विकास विभाग की लोककल्याणकारी मंषा के अनुरूप रायपुर जिला प्रषासन के दिषा निर्देषों में नगर निगम द्वारा जनहित में जनसुविधाओं का विस्तार करने हेतु राजधानी शहर में अनेक कार्य किये जा रहे है। इस क्रम में महालक्ष्मी मार्केट पंडरी को व्यापारियों के अनुरोध पर पायलट प्रोजेक्ट तैयार कर शीघ्र सुव्यवस्थित किया जायेगा। पायलट प्रोजेक्ट की योजना को गति प्रदान करने रायपुर जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के आदेषानुसार एवं नगर निगम रायपुर के आयुक्त श्री अबिनाष मिश्रा के निर्देषानुसार महालक्ष्मी मार्केट का जोन 3 जोन कमिष्नर श्री विवेकानंद दुबे, कार्यपालन अभियंता श्री सुषील मोडेस्टस, कार्यपालन अभियंता श्री अंषुल शर्मा सीनियर, श्री अंषुल शर्मा जुनियर, रायपुर थोक कपडा व्यापारी संघ लिमिटेड के अध्यक्ष श्री सरल मोदी सहित पदाधिकारियों एवं नगर निगम जोन 3 जोन अध्यक्ष डॉ. प्रमोद साहू की विषेष उपस्थिति में स्थल निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बताया कि नगर निगम रायपुर द्वारा रायपुर विकास प्राधिकरण के साथ आपसी समन्वय कर राज्य शासन की लोककल्याणकारी मंषा के अनुरूप महालक्ष्मी मार्केट पंडरी को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में सुन्दर विकसित स्वरूप देने सहित सभी के लिये सुव्यवस्थित बनाया जायेगा। वहां मल्टीलेवल पार्किंग का निर्माण व विकास चिन्हांकित स्थल पर करवाया जायेगा। मार्केट को नॉन व्हीकल मार्केट के रूप में विकसित करने की योजना तैयार की जा रही है। बाजार में कम से कम वाहन दिखे एवं उससे वाहनों से होने वाला प्रदूषण प्रभावी तरीके से नियंत्रित हो सके। बाजार में ई वाहनों को प्रोत्साहन देने की योजना तैयार की जा रही है। बाजार में व्यापारियों एवं नागरिको को जीवन में स्वस्थ परिवेष देने युरिनल एवं शौचालय का निर्माण एवं विकास कार्य करवाया जायेगा। सुन्दर तरीके से बाजार क्षेत्र को विकसित कर सुव्यवस्थित स्वरूप प्रदान करने कार्य नगर निगम रायपुर द्वारा राविप्रा के साथ समन्वय रखकर जनहित में जनसुविधा विस्तार हेतु किया जायेगा।

# नेता प्रतिपक्ष की आवाज दबाने का काम कर रही भाजपा - अमरजीत भगत



**रायपुर( समय दर्शन )।** राहुल गांधी पर हुए एफआईआर को लेकर छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री अमरजीत भगत ने बड़ा बयान दिया है. उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाया है. उन्होंने कहा कि बीजेपी नेताप्रतिपक्ष राहुल गांधी की आवाज दबाने का प्रयास कर रही है. राहुल गांधी देश के नेता हैं, संविधान देश की आत्मा है. राहुल गांधी पर आंच भी आएगी तो लोग जान दे देंगे. छत्तीसगढ़ में कांग्रेस से इस्तीफा देकर निकले नेताओं की फिर से कांग्रेस में वापसी होने जा रही है. वहीं कांग्रेस में प्रवेश लेने के लिए एक विशेष समिति का गठन किया गया है. इसे लेकर पूर्व मंत्री अमरजीत भगत ने बड़ा बयान दिया है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रवेश के लिए समिति बनाने का निर्णय अच्छा है. इससे किसी एक नेता की नहीं चलेगी, समिति फैसला लेगी. किसी ने भूल मान लिया तो उसे माफकर देना चाहिए. वहीं बृहस्पत सिंह के पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव से माफी मांगने को लेकर अमरजीत भगत ने कहा कि दोनों के बीच अंतरंग संबंध है, हमने करीब से देखा है. उन्होंने इसे लेकर कहा- क्षमा बड़न को चाहिए, छोटन को उत्पात. प्रदेश में रोहिंग्या मुसलमानों और बांग्लादेशी घुसपैठियों को लेकर भी सियासत तेज है. पूर्व मंत्री अमरजीत भगत ने घुसपैठियों की सूची और फोटो जारी करने की मांग की है. उन्होंने कहा कि सरकार रोहिंग्या बांग्लादेशी घुसपैठियों की सूची जारी करे. उन्होंने आरोप लगाया है कि बीजेपी सिर्फ दावा करती है, अब तक किसी को पकड़ नहीं पाए. विजय शर्मा युवा हैं, एनर्जेटिक हैं, पर उनके लिए यह काम आसान नहीं है।

## पहले मारा चाकू फिर सोशल मीडिया में डाला वीडियो

**रायपुर( समय दर्शन )।** रायपुर में चाकूबाजी की वारदात को अंजाम देने वाले अपराधियों के हौसले बुलंद हैं. सोशल मीडिया पर चाकूबाज युवक खुलेआम गाली-गलौच करते हुए चाकू मारने की धमकी दे रहे है. एक बार फिर राजधानी में जेल से छूटकर आए आरोपी ने चाकूबाजी की घटना को अंजाम दिया है. युवक को चाकू मारने के बाद आरोपी अपने साथियों के साथ सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर लाइव आकर फिर से चाकू मारने की धमकी दी। जानकारी के मुताबिक, मामला टिकरापारा थाना क्षेत्र का है. यहां एक 18 वर्षीय युवक आरव धोटे पर मोहल्ले के ही प्रीतम यादव ने हमला कर दिया. घटना 19 दिसंबर की शाम 7:30 बजे की है. आरव बाजार गया हुआ था, इस दौरान अमृत चौक के पास प्रीतम ने नुकीली चीज से दाहिने पैर पर वार कर दिया. जिससे आरव बुरी तरह से घायल हो गया. थाने में एफआईआर दर्ज करवाने पर आरोपी ने इंस्टाग्राम पर लाइव आकर दोबारा चाकू मारने की धमकी दी. इस वीडियो में आरोपी प्रीतिम अपने साथियों के साथ हाथ में धारदार हथियार लेकर दोबारा चाकू मारने की धमकी दे रहा है। घटना की जानकारी के बाद टिकरापारा पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

**समाजवादी पार्टी के सांसद डिंपल यादव, अवधेश प्रसाद और अन्य ने नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के डॉ. बी.आर. अंबेडकर पर कथित अपमानजनक बयान की निंदा करते हुए संसद भवन में विरोध प्रदर्शन किया।**



## मुंगेली जिले के बच्चों ने विस का किया शैक्षणिक भ्रमण

**रायपुर( समय दर्शन )।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से छत्तीसगढ़ विधानसभा परिसर में मुंगेली जिले से विधानसभा के शैक्षणिक भ्रमण पर आये बच्चों ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री साय ने बच्चों से बहुत ही आत्मीयता से मुलाकात की और विनोदपूर्वक बच्चों से पूछा- कौन-कौन आएंगे राजनीति में। मुख्यमंत्री श्री साय का सवाल सुनकर कई बच्चों ने हाथ उठा कर राजनीति में आने की इच्छा प्रकट की। मुख्यमंत्री ने बच्चों को खूब मन लगाकर पढाई करने और शैक्षणिक भ्रमण के अवसर का लाभ उठाने की सीख दी। आज मुंगेली ज़िले के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला, परसिया और संस्कार विद्या मंदिर, सकेल के विद्यार्थी छत्तीसगढ़ विधानसभा के शैक्षणिक भ्रमण पर आए थे। मुख्यमंत्री साय को बच्चों ने बताया कि अपने रायपुर भ्रमण के दौरान वे पुरखौती मुक्तांगन, स्वामी विवेकानंद विमानतल, मंत्रालय महानदी भवन, इंद्रावती भवन और बंजारी मंदिर का भी भ्रमण करेंगे। विधानसभा भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने विधानसभा की कार्यवाही को नजदीक से देखा और संसदीय प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर विधायक श्री धरम लाल कौशिक, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला परसिया और संस्कार विद्या मंदिर सकेल के विद्यार्थी तथा शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# सीखने के लिए सदैव सतत् इच्छा होनी चाहिए - राज्यपाल रमेन डेका

**आईसीएफएआई विश्वविद्यालय के दूसरे दीक्षांत समारोह में राज्यपाल ने मेधावी विद्यार्थियो को प्रदान किए पदक**



**रायपुर( समय दर्शन )।** जीवन में आगे बढ़ने के लिए सीखना जरूरी है और सीखने के लिए सदैव एक सतत् इच्छा होनी चाहिए। ज्ञान की कोई सीमा नहीं होती है और सीखने की कोई उम्र नही होती। अच्छे इंसान बनें क्योंकि अच्छे व्यक्ति ही बेहतर समाज का निर्माण करते है। यह उद्गार राज्यपाल श्री रमेन डेका ने आज आईसीएफएआई विश्वविद्यालय रायपुर के दूसरे दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए व्यक्त किया। दीक्षांत समारोह में विश्वविद्यालय की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले 21 मेधावी विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक और 18 विद्यार्थियों को रजत पदक सहित 362 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की गई। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में छात्राओं की अधिक संख्या है। यह देख कर उन्हें बहुत खुशी हो रही है कि महिला सशक्तिकरण दिन ब दिन बहुत बेहतर हो रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत और लगन से काम करें तो आप की सफलता निश्चित है। उज्जवल भविष्य के लिए इच्छा शक्ति और अपनी क्षमता के साथ आगे बढ़े। समाज आपकी ओर आशा भरी निगाहों से देख रहा है उसके लिए काम करें। भारत 5 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था की ओर आगे बढ़ रहा है। आप लोगों की मेहनत और योग्यता से भारत एक विकसित राष्ट्र बनेगा। राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में निजी संस्थानों की महत्वपूर्ण भूमिका है। निजी उच्च शिक्षा संस्थान विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के गाइडलाइन का पूर्णतः पालन करें और शिक्षा का स्तर बढाएं। शिक्षा एक नोबल व्यवसाय है। केवल विशाल भवन बनाकर शिक्षा का स्तर नहीं बढ़ाया जा सकता, बल्कि गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देना जरूरी है। शिक्षा केन्द्र को एक व्यवसाय का संस्थान न बनाया जाए। राज्यपाल ने पदक एवं उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी और कहा कि हमेशा श्रेष्ठता की ओर बढ़ते रहें। समारोह में विश्वविद्यालय के कुलाधिपति प्रोफेसर आर. पी. कौशिक ने भी अपना संबोधन दिया।

## शिक्षा का मंदिर हुआ शर्मसार, छात्रा से हुआ अनाचार

**रायपुर( समय दर्शन )।** राजधानी रायपुर में शिक्षा के मंदिर में इंसानीयत को शर्मसार कर देने वाला मामला सामने आया है. सेंट जोसेफ सीनियर सेकेण्डरी स्कूल में ही एक छात्रा के साथ 11 वीं कक्षा के आरोपी छात्र ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है. इस घटना ने स्कूल में छात्राओं की सुरक्षा को लेकर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है. वहीं सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी छात्र को गिरफ्तार कर लिया है. सूत्रों के अनुसार आरोपी छात्र एक पुलिस आरक्षक का बेटा है. छत्तीसगढ़ में यह पहला मामला है जब स्कूल के अंदर ही हैवानियत को अंजाम दिया गया है.जानकारी के मुताबिक पीड़ित छात्रा घटना के बाद से डर में थी और बीते 2 महीनों से स्कूल जाने से मना कर रही थी. परिजनों के काफी पूछने पर छात्रा ने अपनी आपबीती सुनाई, जिसके बाद परिजनों ने छात्रा के साथ पुलिस थाने पहुंच कर मामले की शिकायत दर्ज कराई है. फिलहाल पुलिस इस मामले में आरोपी छात्र से पूछताछ कर रही है।

## संपादकीय

### कानून के आदर की आम हालत की ही एक झलक

साल 2013 में जाकर यूपीए-2 की सरकार ने कार्यस्थलों पर यौन उत्पीडऩ रोकने का अधिनियम (संक्षेप में पॉश कानून) बनाया। लेकिन उस पर अमल का हाल क्या है, यह खुद सुप्रीम कोर्ट के ताजा दिशा-निर्देशों से जाहिर होता है। कार्य स्थलों पर यौन उत्पीडऩ रोकने के लिए व्यापक दिशा-निर्देश सुप्रीम कोर्ट ने 27 साल पहले जारी किए थे। 1997 में सुप्रीम कोर्ट ने ये निर्देश जारी किए, जिन्हें %विशाखा गाइडलाइन्स' के रूप में जाना जाता है। उन दिशा-निर्देशों की भावना के मुताबिक कानून बनाने में 15 साल लग गए। इस बीच कई सरकारें आईं और गईं। 2013 में जाकर यूपीए-2 की सरकार ने यह अधिनियम (संक्षेप में पॉश कानून) बनाया, लेकिन उस पर अमल का हाल क्या है, यह खुद सुप्रीम कोर्ट के ताजा निर्देशों से जाहिर होता है। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस एन. कोटिश्वर सिंह की बेंच ने निर्देश दिया है कि पॉश कानून को पूरे देश में समान रूप से लागू किया जाए। अदालत ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को 31 दिसंबर 2024 तक हर जिले में एक अधिकारी नियुक्त करने को कहा है। यह अधिकारी 31 जनवरी 2025 तक स्थानीय शिकायत समिति का गठन करेगा और तालुका स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त करेगा। कोर्ट ने जिला मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिया है कि वे पॉश अधिनियम की धारा 26 के तहत सार्वजनिक और निजी संगठनों का सर्वेक्षण करें और मार्च 2025 तक रिपोर्ट पेश करें। जाहिर है, कानून बनने के 11 साल बाद भी ये सारे कदम नहीं उठाए गए हैँ। ताजा निर्देश एक याचिका पर आया, जिसमें गुजारिश की गई है कि कोर्ट केंद्र और राज्य सरकारों से पूछे कि क्या सभी मंत्रालयों और विभागों में यौन उत्पीडऩ के आरोपों की जांच की समिति का गठन हो गया है। जस्टिस बीवी नागरत्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि इस कानून को पूरे देश में लागू किया जाना है। कोर्ट तीन महीने के भीतर सर्वेक्षण करने और 31 मार्च 2025 तक रिपोर्ट जमा करने का निर्देश दे रहा है। पॉश अधिनियम की धारा 26 में प्रावधान है कि कोई विभाग, मंत्रालय या निजी संगठन अपने यहां जांच समिति का गठन नहीं करता है, तो उस पर 50,000 रु. तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। मगर ऐसी समितियां आज तक बनी ही नहीं हैं। यह देश में कानून के आदर की आम हालत की ही एक झलक है।

## कोलकाता से राष्ट्रीय गठबंधन का संचालन कैसे

**हरिशंकर व्यास**

अगर संसद के शीतकालीन सत्र में पहले तीन हफ्ते की कार्यवाही की रोशनी में विपक्षी राजनीति को देखें तो यह सवाल उठता है कि अगर राहुल गांधी या मल्लिकार्जुन खडग़े नेता नहीं होते हैं और ममता बनर्जी को कमान मिलती है तो विपक्षी राजनीति का स्वरूप कैसा होगा? क्या ममता बनर्जी विपक्षी गठबंधन को एक रखते हुए उसे भाजपा के खिलाफ ज्यादा प्रभावी तरीके से लडऩे के लिए तैयार कर पाएंगी? यह बड़ा सवाल है क्योंकि एक तो ममता बनर्जी ने कहा है कि वे पश्चिम बंगाल नहीं छोड़ेंगी और वहीं रह कर विपक्षी गठबंधन का संचालन करेंगी। कोलकाता से कैसे राष्ट्रीय गठबंधन का संचालन होगा, यह समझना मुश्किल है। ऐसा लग रहा है कि वे डेढ़ साल बाद होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले की पोजिशनिंग कर रही हैं। वे अपने को राष्ट्रीय नेता और कोलकाता को शक्ति पीठ दिखाना चाहती हैं ताकि बांग्ला मानुष में गर्व की भावना भर सकें और अगला चुनाव जीत सकें। यही राजनीति पिछले साल तेलंगाना में के चंद्रशेखर राव ने की था। उन्होंने तेलंगाना राष्ट्र समिति का नाम बदल कर भारत राष्ट्र समिति किया था और अपने को राष्ट्रीय नेता बताना शुरू किया था लेकिन वे चुनाव में पीट गए थे।

अब ममता बनर्जी वही राजनीति कर रही है। उनका मकसद किसी तरह से 2026 का विधानसभा चुनाव जीतना है। उनको पता है कि अगला चुनाव बहुत मुश्किल होगा। लगातार 15 साल के राज की एंटी इन्कम्बैंसी को किसी बड़े गेमप्लान से ही काउंटर किया जा सकता है। दूसरी बात यह है कि ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस एक राज्य की पार्टी है। उन्होंने अनेक राज्यों में पैर फैलाने की कोशिश की लेकिन कामयाबी नहीं मिली। इसलिए बाकी प्रादेशिक पार्टियों के लिए भी उनका नेतृत्व स्वीकार करना मुश्किल होगा। कहने को सभी पार्टियां तैयार हो जाएंगी कि वे विपक्षी गठबंधन की नेता बनें लेकिन वे कोई सामूहिक फैसला सभी पार्टियों से लागू करवा पाएंगी इसमें संदेह है। तीसरी बात यह है कि ममता बनर्जी की प्रकृति अकेले चलने की है। वे हमेशा एकला चलो की राजनीति करती हैं और उनकी राजनीति बंगाल केंद्रित होती है। तभी वे चाहे जिस गठबंधन में रहें वहां उनका टकराव चलता रहता है। वे जब कांग्रेस में थीं तो कांग्रेस के सभी नेताओं से उनका झगड़ा चलता था। फिर जब अपनी पार्टी बनाई और भाजपा से तालमेल किया तो भाजपा से उनकी लड़ाई चलती रही और जब कांग्रेस के गठबंधन में आईं तो वहां भी लड़ाई चलती रहीं। उन्होंने कांग्रेस छोड़ कर अपनी पार्टी बनाई, फिर भाजपा को छोड़ कर कांग्रेस से गठबंधन किया और फिर कांग्रेस को छोड़ कर अकेले लड़ीं। अब फिर वे गठबंधन की नेता बनना चाहती हैं लेकीन उनकी एकला चलो वाली प्रकृति बाधा बनेगी।भारत के अब तक के राजनीतिक इतिहास को देखें तो किसी प्रादेशिक पार्टी के राष्ट्रीय गठबंधन का नेतृत्व करने की मिसाल नहीं मिलेगी। कांग्रेस के खिलाफ जनता पार्टी बनी तो सभी विपक्षी पार्टियों के विलय से बनी थी। हमेशा सबसे बड़ी पार्टी नेतृत्व करती रही है। एनडीए में भी भले टीडीपी या जनता दल यू के नेता संयोजक होते थे लेकिन नेतृत्व भाजपा के हाथ में ही होता था। संयोजक का पद प्रतीकात्मक होता था। फैसला अटल बिहारी वाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी ही करते थे। सरकारों की बात करें तो उस मामले में भी सबसे बड़ी पार्टी के हाथ में सत्ता होने से ही स्थिरता रहती है। चाहे वीपी सिंह की सरकार हो या चंद्रशेखर की या एचडी देवगौड़ा की सरकार हो या आईके गुजराल की हर बार सबसे बड़ी पार्टी के नेता के हाथ में कमान नहीं थी। वाजपेयी की 1998 की सरकार के अपवाद को छोड़ दें तो उसके बाद 1999, 2004 और 2009 में सबसे बड़ी पार्टी ने कमान संभाली और सरकारों ने कार्यकाल पूरा किया।

# क्या इंडिया गठबंधन के सियासी चक्रब्यूह में घिर जाएंगे नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी? समझिए विस्तार से

**कमलेश पांडे**



देश-दुनिया में हर रोज एक महाभारत शुरू होता है जो महज 18 दिन नहीं, बल्कि महिनों-सालों चलता रहता है। दरअसल यह एक राजसी प्रवृत्ति है जो यत्र-तत्र-सर्वत्र अपनी इहलीला प्रदर्शित करती रहती है। यह कभी किसी के अंतरतम में चलता है तो कभी सियासी जगत में। कभी आर्थिक जगत के कार्पोरेट्स वार के रूप में, तो कभी सामाजिक क्षेत्र के जातीय अंतर्द्वंद्व युद्ध में। कभी सांस्कृतिक क्षेत्र के साम्प्रदायिक रणभूमि में तो कभी अंतर्राष्ट्रीय फलक पर खुले जंग के रूप में।

कमोबेश हर जगह युद्ध जीतने वालों को गुटबंदी की जरूरत पड़ती है और इस हेतु प्रायोजित चक्रब्युह हेतु किसी न किसी अभिमन्यु की तलाश रहती है। यूँ तो भारतीय राजनीति में एक नहीं, अनेक अभिमन्यु हैं, लेकिन यहां पर कांग्रेस युवराज और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के समक्ष समुपस्थित राजनीतिक परिस्थितियों की बात करना अधिक प्रासंगिक है। क्योंकि 10 वर्षों के अथक परिश्रम के बाद लोकसभा चुनाव 2024 में अपने कुशल नेतृत्व का डंका पिटवाने वाले राहुल गांधी आखिर हरियाणा और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव जैसी जीती हुई बाजी हारकर अपने ही गठबंधन सहयोगियों के आंखों की किरकिरी कैसे बन गए?

क्या सिर्फ इसलिए कि भाजपा के रणनीतिकारों के इशारे पर कांग्रेस के नेतृत्व वाला इंडिया गठबंधन है जिसमें अधिकांश सूबाई क्षत्रप शामिल हैं? क्योंकि यही वह सफल गठबंधन है जिसने उसकी सारी सियासी हेकड़ी लोकसभा चुनाव 2024 में तोड़ कर रख दी और उसके सामने गठबंधन की मजबूरी खड़ी कर दी। वहीं, यूपी में उसके मोदी-योगी जैसे नेतृत्व के माथे पर चिंता की शिकन पैदा कर दी। या फिर शरद पवार और लालू प्रसाद की राजनीतिक महत्वाकांक्षा पूरी नहीं हुई, जबकि ममता बनर्जी अपने मिशन में कामयाब रहीं। उन्होंने भाजपा और कांग्रेस दोनों को उनकी सियासी हद में रखा।

या फिर समाजवादी पार्टी के मुखिया और यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, आम आदमी पार्टी के सुप्रीमो और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के इशारे पर कांग्रेस युवराज राहुल गांधी नहीं थिरक रहे हैं, इसलिए। क्योंकि शिवसेना यूबीटी प्रमुख उद्धव ठाकरे कांग्रेस के स्वाभाविक सहयोगी नहीं हैं। हालिया महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में उन्हें कमतर बताने में कांग्रेस सफल रही और महाराष्ट्र के सियासी नक्शे से मिट गई। इसी प्रकार कांग्रेस ने दिल्ली से पंजाब तक आप को सिमटने पर विवश कर दिया और अखिलेश की सपा को भी यह जतला दिया कि सिर्फ यूपी में रहें, मध्यप्रदेश, हरियाणा, महाराष्ट्र में उसके कंधे पर सवार होकर आगे बढ़ने का स्वप्न न पालें। यही वजह है कि ये सभी नेता कांग्रेस से नाराज हैं और तीसरे मोर्चे को पुनः खाद पानी देने की सियासी चाल चल रहे हैं।

यही वजह है कि हरियाणा और महाराष्ट्र चुनाव के बाद इंडिया गठबंधन में नेतृत्व के सवाल पर कांग्रेस नेतृत्व को नीचा दिखाने की तिकड़म जो तिकड़मी सियासत शुरू हुई और राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद जैसे नेताओं ने भी कांग्रेस से पाला बदलने में हड़बड़ाहट दिखाई, उससे तो यही महसूस हुआ कि एनसीपी प्रमुख शरद पवार जैसे सियासी धुरंधर अपने मकसद में कामयाब हो गए। तभी तो कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस महासचिव व लोकसभा सदस्य प्रियंका गांधी जैसे राष्ट्रीय चेहरों के रहते हुए भी इंडिया गठबंधन के नए अध्यक्ष के रूप में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेत्री और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का नाम उछाला गया।

कहना न होगा कि शरद पवार और ममता बनर्जी ने अपने अपने राज्यों में काँग्रेस को ही तोड़कर अपनी सियासत चमकाई है। हालांकि, उनके मिशन को राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद का साथ मिलने से शरद पवार का पलड़ा भारी हो गया। कहने का मतलब यह कि महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल और बिहार ने यह संकेत दे दिया कि उसे मजबूत कांग्रेस की नहीं, कमजोर कांग्रेस की जरूरत है, जो उनके इशारे पर थिरकती रहे। इधर, दिल्ली और उत्तरप्रदेश में भी कांग्रेस को कमजोर ठहराने के लिए दिल्ली में एक मंच पर अखिलेश और केजरीवाल ने हाथ मिला लिया है।

इससे पहले राजद नेता व बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव व पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का साथ केजरीवाल ले ही चुके हैं। बिहार के मुख्यमंत्री व जदयू नेता नीतीश कुमार भले ही पुनः एनडीए गठबंधन में हैं, लेकिन केजरीवाल से उनके मधुर सम्बन्ध जगजाहिर हैं। एनडीए विरोधी इंडिया गठबंधन खड़ा करने में नीतीश के योगदान को नहीं भुला सकता है और यदि उन्हें गठबंधन का संयोजक बना दिया गया होता तो आज वो इंडिया गठबंधन में ही होते।

वहीं, ईवीएम के दुरूपयोग के सवाल पर जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री व नेशनल कांफ्रेंस नेता उमर अब्दुल्ला ने कांग्रेस को जो आईना दिखाया है, उससे साफ है कि अपने अपने तरीके से इंडिया गठबंधन के सहयोगी राहुल गांधी को घेर रहे हैं, ताकि कांग्रेस दबाव में रहे और यदि कभी पुनः तीसरे मोर्चा बने तो उनके लिये भी रास्ता खुला रहे। क्योंकि भाजपा नीत एनडीए के विरोध में बना इंडिया गठबंधन या संभावित तीसरा मोर्चा कोई मजबूत गठबंधन नहीं है क्योंकि यूपी बिहार में यह महागठबंधन तो महाराष्ट्र में महाराष्ट्र विकास अघाड़ी बन जाता है। इससे पहले इसे यूपीए समझा जाता था। इसलिए मेरा मानना है कि भाजपा या कांग्रेस विरोधी सियासत के लिए तीसरा मोर्चा सबसे उपयुक्त नाम है, जो पूरे देश में एक समझा जाता है। अपने देखा होगा कि आम आदमी पार्टी ने हाल ही में दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में 'महिला अदालत' का आयोजन किया। जिसमें एसपी प्रमुख अखिलेश यादव ने अरविंद केजरीवाल के साथ मंच साझा करते हुए बीजेपी पर जमकर हमला बोला और आप को बिना शर्त समर्थन देते हुए कहा कि यहां पर सपा अपना कोई उमीदवार खड़ा नहीं करेगी। ऐसा कहकर उन्होंने कांग्रेस पर मनोवैज्ञानिक दबाव बढ़ा दिया कि यदि वह भाजपा विरोधी और अल्पसंख्यक समर्थक राजनीति करती है तो दिल्ली में सभी सीटों पर अपना उमीदवार नहीं दे। वहीं, अखिलेश यादव ने यह भी कहा कि जब दिल्ली में घटनाएं हो रही है, तो कल्पना कीजिए पूरे देश मे क्या हो रहा होगा। क्योंकि अरविंद केजरीवाल ने सिर्फ इतना कहा था कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बस एक बार कह दें कि उनसे दिल्ली की कानून व्यवस्था नहीं संभल रही है। हालांकि वह यह नहीं कह पाए कि फिर हम सम्भाल लेंगे। पुलिस मुझे दे दीजिए!

इससे साफ है कि दिल्ली चुनाव में अखिलेश यादव, अरविंद केजरीवाल के साथ होंगे और ऐसा करके उन्होंने कांग्रेस को एक बार फिर से ठेंगा दिखाया है। इससे पहले उन्होंने यूपी उपचुनाव में काँग्रेस को एक भी सीट सिर्फ इसलिए नहीं दिया था, क्योंकि मध्यप्रदेश, हरियाणा और महाराष्ट्र में कांग्रेस ने उनकी पार्टी सपा को सीट नहीं दी और महाराष्ट्र में भी कम दी। यही वह है कि यूपी के दो लड़कों की जोड़ी यानी राहुल-अखिलेश के नेतृत्व वाली कांग्रेस व समाजवादी पार्टी के बीच तल्खियां कम होती नहीं दिख रही हैं। अब जिस तरह से सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल को समर्थन देने का ऐलान किया है, उसके सियासी मायने निकाले जा रहे हैं।

दिल्ली में अखिलेश यादव ने न केवल अरविंद केजरीवाल की तारीफमें जमकर कसीदे पढ़े बल्कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी को पूर्ण समर्थन देने की बात भी कही। ऐसे में सियासी गलियारों में राहुल गांधी से नाराजगी और केजरीवाल से नजदीकी को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। अखिलेश यादव ने अरविंद केजरीवाल की तारीफ करते हुए कहा कि जिस पार्टी को माताओं और बहनों का साथ मिल जाए, वो पार्टी कभी हार नहीं सकती है। आप सरकार ने महिलाओं को 2,100 रुपये हर महीने देने का जो वादा किया है, वह काफी सराहनीय पहल है। उन्होंने आम आदमी पार्टी को पूर्ण समर्थन देने की बात भी कही। साथ ही कहा कि सपा पूरी जिम्मेदारी के साथ आप के साथ खड़ी है. जहां भी जरूरत होगी हम आपके साथ दिखाई देंगे।

सपा प्रमुख के दिल्ली चुनाव में अरविंद केजरीवाल का खुलकर समर्थन करने के पीछे सियासी रणनीति और हालिया राजनीतिक घटनाक्रम भी माने जा रहे हैं।

समाजवादी पार्टी ने हाल ही में महाराष्ट्र विकास अघाड़ी गठबंधन से अलग होने का ऐलान किया। जबकि सपा महासचिव रामगोपाल यादव भी कह चुके हैं कि राहुल गांधी इंडिया गठबंधन के नेता नहीं हैं। दिल्ली में केजरीवाल ने कांग्रेस से गठबंधन नहीं करने और अकेले चुनाव का ऐलान किया है, जिससके बाद अखिलेश यादव ने मंच से आप सरकार की तारीफ में कसीदे पढ़े। इससे कयास लगाए जा रहे हैं कि सपा भी अब कांग्रेस से किनारा करती दिख रही है।

कांग्रेस से सियासी खटास की प्रमुख वजह सीट बंटवारे को लेकर खींचतान मानी जा रही है। मध्यप्रदेश से लेकर हरियाणा में कांग्रेस ने समाजवादी पार्टी के लिए एक भी सीट नहीं छोड़ी। वहीं, महाराष्ट्र में भी आखिरी वक्त में सपा को दो सीटें ही दी गईं। इस प्रकार इंडिया गठबंधन में साइडलाइन होने के चलते अखिलेश यादव नाराज दिखे। क्योंकि वह लोकसभा में तीसरी बड़ी राजनीतिक हैसियत रखते हैं और गैर कांग्रेस-गैर भाजपा विरोधी तीसरे मोर्चे के प्रमुख सूत्रधार भी बन सकते हैं। इसलिए उन्होंने अब अपनी पसंद वाली सियासत शुरू कर दी है, जो कांग्रेस को नागवार लग रही है।

यही नहीं, संसद में भी सीट अरेंजमेंट से लेकर संभल मुद्दा जोरशोर से न उठाने के मसले पर अखिलेश की सपा व कांग्रेस में खटपट दिखी। इसलिए सपा ने अडानी के मुद्दे पर कांग्रेस से किनारा कर लिया। वहीं, राहुल गांधी की अगुवाई में जब संसद के बाहर विरोध प्रदर्शन हुआ तो वहां सपा सांसद नहीं दिखाई पड़े। वहीं, अखिलेश ने महाराष्ट्र में एमवीए को झटका देते हुए अकेले ही बीएमसी (क्रष्टष्ट) चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। उधर, शिवसेना यूबीटी भी इसी तरह का ऐलान कर चुकी है। इन बातों से साफ है कि इंडिया गठबंधन के राजनीतिक महारथी अपने सियासी चक्रब्युह में राहुल गांधी को ही मात देने की कसरत करते नजर आ रहे हैं। हरियाणा से लेकर महाराष्ट्र तक कांग्रेस के पिछड़ने की वजह भी यही है, क्योंकि इनलोगों ने दिल से भाजपा और दिमाग से कांग्रेस का साथ दिया, क्योंकि भाजपा भी दिल से ओबीसी राजनीति करती है, जो तीसरे मोर्चे के साथी दलों को भीतर ही भीतर गुदगुदाती है। सवर्णों और दलितों की सियासत को पिछलग्गू बनाकर रखना ही तो समाजवादियों और नव राष्ट्रवादियों का मकसद रहा है। हां, समाजवादी अल्पसंख्यक और राष्ट्रवादी अगड़ों को भड़काते हैं, अपने अपने हिसाब से, जबकि कांग्रेस इन्हें सहलाती है अपनी तासीर से!

# कनाडा में सिख समुदाय आतंकियों के दबाव से त्रस्त

**भारत डोगरा**

तेईस जून, 1985 को कनिष्क एअर इंडिया 182 विमान में उड़ते समय भयंकर विस्फोट हुआ जिससे हवाई जहाज अटलांटिक सागर में आयरलैंड के तटीय क्षेत्र के पास गिरा और उसमें सवार सभी 329 व्यक्ति मारे गए। इनमें से अधिकतर भारतीय मूल के कनाडाई नागरिक थे।

जिन परिवारों के सदस्य मारे गए आज भी उन्हें न्याय नहीं मिला। इसके अतिरिक्त, यह भी समय-समय पर प्राप्त होने वाले तथ्यों से स्पष्ट होता रहा है कि यदि कनाडा की गुप्तचर और पुलिस एजेंसियों ने समुचित कार्रवाई की होती तो बड़ी संभावना यह होती कि इस हादसे को रोका जा सकता था।

कनाडा के पब्लिक सेफ्टी मंत्रालय ने ओंटारियो के पूर्व मंत्री बाब रे को इस त्रासदी की जांच का काम सौंपा था। उन्होंने अपनी रिपोर्ट में लिखा है कि कनाडा गुप्तचर संस्थान (सीएसआईएस-कनाडियन सेक्युरिटी इंटेलीजेंस सर्विस) के अधिकारियों ने ऐसे दो खालिस्तानियों का पीछा किया जो उनके संदेह के दायरे में थे। दोनों एक टापूनुमा वीरान जंगली क्षेत्र में पहुंचे। यहां तक गुप्तचरों ने उनका पीछा किया। फिर जहां ये खालिस्तानी गए थे वहां से बड़े धमाके की आवाज आई। कोई बच्चा भी कहेगा कि इस धमाके की आवाज आने से पूछताछ की जरूरत और बढ़ गई थी पर इन गुप्तचरों ने ऐसा कुछ नहीं किया और आगे कोई कार्रवाई ही नहीं की। अब जब अन्य तथ्य सामने आ चुके हैं तो स्पष्ट है, जैसा कि जांच रिपोर्ट में भी कहा गया है, कि यह सुनसान इलाके में बम टेस्ट करने का प्रयास था क्योंकि दो वायुयानों में बम रखने की तैयारियां उस समय पूरे जोरों पर थीं। यदि समय पर इन खालिस्तानियों से भली-भांति पूछताछ कर ली जाती तो षडयंत्र को उसी समय रोक पाने की संभावना थी।


एक अन्य बड़ा मुद्दा है कि गुप्तचर एजेंसी सीएसआईएस ने पहले टेपों पर खालिस्तानी षडयंत्रकारियों की बहुत सी बातचीत रिकार्ड भी की थी और फिर इससे पहले कि इस रिकार्डिग का समुचित विश्लेषण हो पाता, इनको नष्ट कर दिया गया। जांच रिपोर्ट ने इस बारे में इस केस की सुनवाई कर रहे जस्टिस जैसिफसन की टिप्पणी की ओर ध्यान दिलाया है, जिन्होंने इसे ऐसी लापरवाही बताया था, जिसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। आखिर, इतनी बड़ी लापरवाही कैसे हो गई, इस पर चर्चा हुई तो सीएसआईएस का यह पक्ष सामने आया कि उसके एक एजेंट ने खालिस्तानी षडयंत्रकारियों में घुसपैठ कर ली थी, हालांकि कनिष्क हादसे से तीन दिन पहले उसे अलग कर लिया गया। सीएसआईएस का पक्ष, जो प्रकाशित रिपोटरे में बताया गया है (जैसा बीबीसी की एक रिपोर्ट में भी छपा) कि उसने अपने इस एजेंट के बचाव के लिए टेप नष्ट किए।

पर ज्यादा महत्त्वपूर्ण बात यह है कि एजेंट के पास जो जानकारी थी, उसका भरपूर उपयोग किया जाता तो इतना समय जरूर मिलता कि षडयंत्र का पता लगा कर उसे नाकाम कर दिया जाता। पर ऐसा नहीं हुआ। जांच रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि जो जानकारी सीएसआईएस के पास होती थी वह कनाडियन पुलिस (आरसीएमपी) के साथ ठीक से शेयर नहीं की जाती थी। कनाडा के उच्च स्तर के कुछ सुरक्षा अधिकारियों ने इस बारे में गंभीर चिंता व्यक्त करनी आरंभ की कि कनाडा में बहुत से आतंकी संगठनों ने डेरा जमा लिया है।

सीएसआईएस के पूर्व अध्यक्ष वार्ड एलकाक ने अपनी उच्चस्तरीय जानकारी के आधार पर सीनेट की एक विशेष समिति को बताया कि अमेरिका को छोड़ दें तो किसी भी अन्य देश की अपेक्षा कनाडा में अधिक आतंकवादी संगठन सक्रिय हैं। उन्होंने बताया कि उनका संस्थान सीएसआईएस की आतंक-विरोधी शाखा ऐसे 50 आतंकवादी संगठनों और इनसे जुड़े 350 व्यक्तियों की जांच कर रहा है। उन्होंने आगे बताया कि ये विभिन्न आतंकवादी संगठन आतंकवादी कार्रवाइयों में सहायता देते हैं, आतंकवाद के लिए धन एकत्र करते हैं, प्रोपेगंडा और असत्य (डिसइंफामे्रशन) फैलाने के लिए विभिन्न समुदायों का दोहन-शोषण करते हैं, अप्रवासियों को डराते-धमकाते हैं, आतंकियों के लिए कनाडा में सुरक्षित शरण स्थलों की व्यवस्था करते हैं, आतंकियों की अमेरिका तक आने-जाने की व्यवस्था करते हैं, और अप्रवासियों की तस्करी करते हैं।

यह बयान कनाडा के फ्रेसर इंस्टीटयूट की अध्ययन रिपोर्ट में उपलब्ध है, जिसका शीर्षक है %कनाडा'ज इनएडिक्वेट रिस्पॉन्स टू टेररिज्म'। रिपोर्ट के लेखक हैं मार्टिन कोलाकोट। रिपोर्ट में बताया गया है कि विभिन्न खालिस्तानी आतंकवादी संगठनों के अतिरिक्त अनेक अन्य तरह के आतंकवादी संगठन भी कनाडा में सक्रिय हैं, और इनका संबंध अनेक अन्य चर्चित आतंकवादी हमलों से भी जुड़ा रहा है। रिपोर्ट ने स्पष्ट कहा है कि कई महत्त्वपूर्ण संदभरे में कनाडा की सरकार आतंकवाद के नियंत्रण के लिए असरदार कदम उठाने में असमर्थ रही है। रिपोर्ट ने बताया है कि खतरनाक आतंकी संगठनों पर सरकार प्रतिबंध नहीं लगा सकी और यहां तक कि ऐसे कुछ संगठन परोपकारी कार्य का आवरण लगा कर अपना प्रसार करते हैं, उस पर भी काफी समय तक रोक नहीं लग सकी। उनके विरुद्ध असरदार कार्रवाई करने के बहुत कम उदाहरण कनाडा में देखे गए हैं।

इतना ही नहीं, कुछ राजनीतिक दल और नेता भी अपने संकीर्ण स्वार्थी हितों के लिए ऐसी ढील देने की नीति अपनाते हैं। सीएसआईएस की रणनीतिक योजना के पूर्व मुख्य अधिकारी डेविड हैरिस से जब पूछा गया कि क्या कनाडा आतंकवादियों की सुरक्षित शरण स्थली बन रहा है, तो उन्होंने उत्तर दिया कि ऐसी आशंका का बड़ा खतरा है। उन्होंने कहा कि हमारे यहां 50 आतंकवादी संगठनों की उपस्थिति है, जिनमें से अनेक प्रमुख आतंकवादी संगठन हैं। वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक स्टीवर्ट बेल ने एक पुस्तक लिखी है, जिसका शीषर्क है-%कोल्ड टैरर-कनाडा नरचर्स एंड एक्सपोटर्स टैररिज्म थ्रूआउट द वर्ल्ड'। इसमें उन्होंने लिखा है कि कनाडा की आतंकी समस्याओं के कारण बहुत हिंसा हुई है, लोग मारे गए हैं। इससे कनाडा में समस्याएं बढ़ गई हैं, और कुछ समुदायों पर उग्रवादियों ने अपना नियंत्रण बढ़ा लिया है। मेजर ग्रेग ले ने कनाडियन फोर्सेज कॉलेज के लिए एक अनुसंधान पत्र लिखा है, जिसका शीर्षक है, %द इवॉल्यूशन ऑफ टैररिज्म इन कनाडा-इन्क्रीज्ड थ्रेट इन अ कल्चर ऑफ इनडिफेरेंस'। इस अध्ययन में लिखा है कि आतंकियों की हिंसक और जबरदस्ती वाली प्रवृत्तियों से कनाडा के सिख समुदाय की समस्याएं और दुख-दर्द बढ़ गए हैं। बाब रे, जो आनटेरियो के मंत्री रह चुके थे, को कनिष्क त्रासदी की जांच का कार्य सौंपा गया। उन्होंने अपनी रिपोर्ट में बताया कि सिख समुदाय आतंकियों के दबाव से त्रस्त और परेशान है। इन सब तथ्यों को ध्यान में रखते हुए जरूरी है कि कनाडा सरकार आतंकवाद पर नियंत्रण रखने की अपनी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय जिम्मेदारी भली-भांति निभाए।




# सर्दी में बीजों से भरे इस फल को खाना है फायदेमंद

**सीताफल ठंड के दिनों में मिलने वाला मौसमी फल है। इसे खाने से सेहत को कई तरह के फायदे मिलते हैं। कुछ रिसर्च स्टडी भी इस बात का दावा करते हैं कि सीताफल इम्यूनिटी को बूस्ट करने के साथ ही बॉडी में खून की मात्रा और हाई ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने जैसे लाभ देता है।**

ठंड में लोग जल्दी-जल्दी बीमार पड़ते हैं। इसकी एक मुख्य वजह कमजोर इम्यूनिटी यानी की शरीर की बीमारियों से लड़ने की शक्ति का कम होना है। ठंडे वातावरण में वायरस लंबे समय तक जिंदा रहते हैं, साथ ही तेजी से फैलते हैं। ऐसे में जरूरी हो जाता है कि बॉडी को मौसम के अनुकूल बनाने के लिए दूरुस्त किया जाए। ऐसा करने के लिए पोष्टिक आहार से बेहतर दूसरा कोई और उपाय नहीं होता है। एक्सपर्ट मौसमी सब्जियों और फलों को खाने की सलाह देते हैं। इसमें सीताफल भी एक सेहतमंद विकल्प के तौर पर शामिल है। हरे रंग और गूदे से लिपटे बीजों वाले फल को शरीफा भी कहते हैं। यह पकने पर मिट्ठा लगता है। इसमें कई औषधीय गुण मौजूद होते हैं जो आपको बीमार होने से बचाने के साथ ही बीमारियों के लक्षणों को कम करके रिकवर करने में मदद करते हैं।

### हृदय स्वास्थ्य में सुधार करता है



एक स्टडी के अनुसार, फ्लेवोनोइड्स, फेनोलिक कंपाउंड्स, कायूरेनोइक एसिड और विटामिन सी जैसे एंटीऑक्सिडेंट से भरपूर, कस्टर्ड ऐप्पल हृदय स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करता है। इसके साथ ही इसमें मौजूद पोटेशियम और मैग्नीशियम जैसे तत्व रक्त वाहिकाओं के फैलाव में सहायता करती है, जो रक्तचाप पर कंट्रोल बनाए रखने में मदद करती है और हृदय रोगों के जोखिम को कम करती है।

### एनीमिया में फायदेमंद



एनीमिया एक मेडिकल कंडीशन है जिसमें बॉडी में रेड ब्लड सेल्स की कमी हो जाती है। ऐसा कई बार शरीर में फोलेट की कमी से होता है। फूड डाटा सेंट्रल के अनुसार, सीताफल में भरपूर मात्रा में फोलेट मौजूद होता है। साथ ही यह बॉडी को आयरन अवशोषित करने में मदद भी करता है, ऐसे में एनीमिया में सीता फल का सेवन फायदेमंद साबित हो सकता है।

### बेहतर पाचन में सहायक

कस्टर्ड ऐप्पल में बहुत अच्छी मात्रा में आहार फाइबर होता है, जो अच्छे पाचन में सहायता करता है। इसके अलावा, फल में कॉपर की उपस्थिति मल त्याग को आसान करते हुए कब्ज को दूर करने या राहत देने में मदद करती है।

### मूड बूस्ट करने में मदद करता है

यह फल विटामिन बी6 का एक उत्कृष्ट स्रोत है, जो मूड को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। रक्त में विटामिन बी 6 के अपर्याप्त स्तर और अवसाद आपस में संबंधित होते हैं। इसलिए, फल में विटामिन बी6 की भरपूर मात्रा अवसाद के लक्षणों को कम करने में मदद करने की क्षमता रखती है।

### त्वचा के लिए अच्छा है सीताफल

एंटीऑक्सिडेंट का एक समृद्ध स्रोत, कस्टर्ड सेब त्वचा को मुक्त कणों के हानिकारक प्रभावों से बचाने में मदद करता है और उम्र बढ़ने जैसी त्वचा से संबंधित कई मुद्दों को रोकता है। यह सीबम के उत्पादन को कम करने में भी मदद करता है, जिससे मुंहासे और पिंपल्स जैसी त्वचा की समस्याओं को नियंत्रित किया जा सकता है।

### आंखों के स्वास्थ्य में सुधार



स्वस्थ आंखों के लिए विटामिन सी और राइबोफ्लेविन दो सबसे आवश्यक पोषक तत्व हैं। कस्टर्ड ऐप्पल में मौजूद ये एंटीऑक्सीडेंट पोषक तत्व मुक्त कणों से लड़ने में मदद करने की क्षमता रखते हैं, जिससे कोशिकाओं को होने वाले नुकसान को रोका जा सकता है। कैरोटीनॉयड एंटीऑक्सिडेंट, ल्यूटिन, ऑक्सीडेटिव क्षति से आंखों की सुरक्षा में भी योगदान देता है। यह सब मिलकर उम्र से संबंधित धब्बेदार अध:पतन और मोतियाबिंद जैसे मुद्दों के जोखिम को कम करने में मदद करता है। इसके अलावा, यह एक स्वस्थ दृष्टि बनाए रखने में भी मदद करता है।



# डायबिटीज कंट्रोल करने में मदद कर सकती है जामुन की गुठली

डायबिटीज एक जीवनशैली जन्य स्थिति है, जो दुनिया भर में एक बड़ी आबादी को प्रभावित कर रही हैं। दुख की बात है कि भारत मधुमेह से पीड़ित लोगों का घर बनता जा रहा है। तनाव, अतिरिक्त वजन बढ़ना और गतिहीन जीवन शैली कुछ महत्वपूर्ण कारक हैं, जो मधुमेह का कारण बनते हैं। अधिक चुनौतीपूर्ण यह है कि डायबिटीज लाइलाज है। इसलिए आप केवल स्वस्थ और संतुलित आहार का पालन करके ही इसका प्रबंधन कर सकती हैं। इनके साथ ही कुछ ऐसे खाद्य पदार्थ भी हैं जो आपके निदान को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकते हैं। वहीं कुछ ऐसे खाद्य पदार्थ भी हैं जो आपको लाभ पहुंचा सकते हैं। फल, सब्जियां, नट्स, और बीज सभी ब्लड शुगर लेवल को नियंत्रित करने में काम आ सकते हैं। शुक्र है कि इनमें से कई प्राकृतिक उपचार आसानी से उपलब्ध हैं।

## क्या हैं प्राकृतिक विकल्प

कई प्राकृतिक, आयुर्वेदिक सप्लीमेंट मौजूद हैं जो मुसीबत के समय आपकी मदद कर सकते हैं और उनमें से एक सबसे अच्छा विकल्प है भारतीय ब्लूबेरी। स्थानीय रूप से इन्हें काले प्लम या जामुन के रूप में भी जाना जाता है। इस फल को पोषक तत्वों से भरपूर और फाइटोकेमिकल्स से भरा हुआ माना गया है। जबकि इसका उपयोग हर व्यक्ति के लिए आवश्यक है। आज हम आपको इसका एक और स्वास्थ्य लाभ बता रहे हैं, जो मधुमेह से पीड़ित लोगों के लिए सुपर इफैक्टिव होगा। जी हां, सिर्फ जामुन ही नहीं, बल्कि इसका बीज यानी गुठली भी आपके काम का सकती हैं।

## जानिए कैसे फायदेमंद है जामुन की गुठली

आयुर्वेद के अनुसार, जामुन के बीज में जंबोलीन और जाम्बोसिन नामक एक सहायक पदार्थ होता है। ये दोनों ही प्रकृति में अत्यंत गुणकारी होते हैं। दोनों फाइटोकेमिकल्स ब्लड शुगर रिलीज होने की प्रक्रिया को धीमा करने में मदद करते हैं और शरीर में इंसुलिन के उत्पादन को बढ़ाते हैं। जो अक्सर तब होता है जब आपका शरीर डायबिटीज से जूझ रहा होता है।

## फाइबर से भरपूर जामुन की गुठली

जामुन के बीजों में डाइट्री फाइबर की अच्छी मात्रा होती है, जो पाचनतंत्र को नियमित करने के लिए फायदेमंद है। साथ ही आपके शरीर से सभी विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने और आपके शरीर को डिटॉक्सिफाई करने का काम करता है। यह प्रतिरक्षा प्रणाली के कामकाज में सुधार लाने के साथ-साथ मधुमेह के निदान के साथ आने वाले अन्य दुष्प्रभावों का प्रभावी ढंग से मुकाबला करने में काम आता है। अध्ययनों में यह भी पाया गया है कि जामुन के बीजों में एल्कलॉइड, रसायन होते हैं जो स्टार्च को शर्करा में बदलने से रोकते हैं और डायबिटीज से बचाव करते हैं।

## कैसे करना है जामुन के बीजों का इस्तेमाल

सर्वोत्तम लाभों के लिए, अपने रोजमर्रा के आहार में जामुन के बीजों को शामिल करें। आप इसे अपने दैनिक व्यंजनों में शामिल कर सकती हैं या इसका पाउडर बनाकर गर्म दूध या पानी में मिलाकर भी इसका सेवन कर सकती हैं। इसके अलावा ब्लड शुगर लेवल को प्रबंधित करने और हाइपरग्लेसेमिया से लड़ने के लिए भोजन से पहले नियमित रूप से इसका उपभोग कर सकती हैं।

# अपनी डाइट में शामिल करें ये हेल्दी फूड

शारीरिक स्वास्थ्य जितना अहम है, उतना ही मानसिक रूप से स्वस्थ रहना भी जरुरी है। अगर आप मानसिक रूप से स्वस्थ और सशक्त रहेंगे, तो कोई भी समस्या या तनाव आप पर हावी नहीं हो सकेगा। यहां बताए जा रहे 5 हेल्दी फूड आपकी मानसिक सेहत के लिए बेहद फायदेमंद साबित होंगे- खास बात है कि से पांचों फूड आपको बहुत आसानी से अपने घर में ही मिल जाएंगे। जानते हैं कैसे बनाए अपने दिमाग को स्वस्थ।

**दही** - दही न केवल आपके पाचन तंत्र को दुरुस्त रखता है बल्कि मस्तिष्क की क्रियाविधि को भी प्रभावित करता है। डाइट में ज्यादा से ज्यादा दही का सेवन, आपकके तनाव और चिंता को कम करने में मदद करता है और अगर आपका स्वभाव चिड़चिड़ा हो चुका है, तो दही आपके मूड को बेहतर बनाने में भी मददगार है।

**अंडा** - अंडे में मौजूद कुछ पोषक तत्व आपकी मानसिक सेहत को बेहतर बनाने के साथ ही आपको सतर्क रखने में मदद करते हैं। फोलिक एसिड, बायोटीन, कोलाइन आदि आपके म स्तिष्क की कोशिकाओं के विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं।

**हरी सब्जियां** - हरी सब्जियों को दिन में एक बार अपनी डाइट में शामिल करना डिमेंशिया को कोसों दूर रखता है। जो लोग ज्यादा से ज्यादा हरी सब्जियों को अपनी डाइट में शामिल करते हैं, उनका दिमाग लंबे समय तक सक्रिय रहता है, जो मानसिक सेहत के लिए अच्छा है।

**सूखे मेवे** - सूखे मेवे, ड्रायफूट्स या नट्स कह लो.सभी में मैंगनीज, सेलेनियम और तांबा प्रचुर मात्रा में पाया जाता है जो मस्तिष्क की क्रियाओं को इंप्रूव करने और मानसिक कमजोरी को दूर करने में अहम भूमिका निभाते हैं।

**डार्क चॉकलेट** - डार्क चॉकलेट में मौजूद कोकोआ के कारण इसे दिमाग के बेहतरीन रक्तसंचार के लिए लाभप्रद माना जाता है। इसके अलावा इसमें मौजूद फ्लेवेनॉर [illegible] रेडिकल डैमेज से भी बचाता है।





# इम्यूनिटी अच्छी ही नहीं वजन घटाने में भी करता है मदद ड्रैगन फ्रूट

वजन घटाना हो या फिर संक्रमण से दूर रहने के लिए इम्यूनिटी को करना हो मजबूत, ड्रैगन फ्रूट हर मर्ज की दवा है। ड्रैगन फ्रूट स्वाद में हल्के मीठे होते हैं। यह फल एंटीऑक्सिडेंट से भरपूर होने के साथ कैलोरी में कम होता है। इस सुपरफूड में फाइबर, कार्बोहाइड्रेट, स्वस्थ ओमेगा 3 और 6 फैटी एसिड, लाइकोपीन, कैरोटीन, सुपारी, विटामिन सी, बी 1, बी 2 और मैग्नीशियम, कैल्शियम, फास्फोरस, आयरन और जैसे खनिजों के उच्च मात्रा मौजूद होती है।

## वजन घटाए

ड्रैगन फ्रूट में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा काफी कम होती है। ड्रैगन फ्रूट खाने से आपका पेट भरा हुआ महसूस करता है और व्यक्ति को जल्दी भूख भी नहीं लगती है। जो लोग अपना वजन घटाने की सोच रहे हैं उन्हें ड्रैगन फ्रूट को अपने दैनिक आहार में शामिल करना चाहिए।

## हड्डियां मजबूत बनाएं

ड्रैगन फ्रूट में 18 प्रतिशत मैग्नीशियम होता है जो हड्डियों को मजबूत बनाने और हड्डियों के अच्छे स्वास्थ्य में सहायता करता है। इसके लिए आपको रोजाना एक गिलास ड्रैगन फ्रूट स्मूदी का सेवन करना होगा।

## इम्यून सिस्टम बनाएं मजबूत

नींबू, संतरा ही नहीं ड्रैगन फ्रूट में भी पर्याप्त मात्रा में विटामिन सी पाया जाता है जो मुक्त कणों से कोशिकाओं की बचाता है और इम्यूनिटी बढ़ाने में मदद करता है।

## पाचन तंत्र में सुधार

ड्रैगन फ्रूट में मौजूद फाइबर की अच्छी मात्रा पाचन में सुधार करती है। इसका सेवन करने से पेट से जुड़ी कई सारी परेशानियां जैसे कब्ज,अपच और एसिडिटी को कम करने में मदद मिलती है।

# आंखों को थकान से राहत देगा गुलाब जल

**आजकल लैपटाप का ज्यादा इस्तेमाल किया जा रहा है, वहीं इसी के साथ ही मोबाइल के संपर्क में भी हम ज्यादा रह रहे हैं जिससे आंखों में जलन, धुंधला दिखना व खुजली जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए जरूरी है कि हम अपनी आंखों की देखभाल करें और जब भी आंखों पर दबाव महसूस करें तो स्क्रीन से दूर हो जाएं और बीच-बीच में आंखों को ठंडे पानी से भी धोते रहें। आंखों की जलन की परेशानी ज्यादा बढ़ जाती है।**



भले ही इस वक्त आप घर पर हैं लेकिन आंखों में जलन आप महसूस करते होंगे। इसलिए इन समस्याओं से निजात पाने के लिए आपको अपनी आंखों की सही देखभाल की जरूरत है, वहीं गुलाब जल का इस्तेमाल आपको आंखों की समस्या से निजात दिला सकता है। गुलाब जल के इस्तेमाल से आंखों को ठंडक मिलती है, साथ ही ताजगी महसूस होती है। ओवरटाइम काम करने के दौरान आंखों में तनाव महसूस होता है इसके लिए खुद को रिलेक्स करना बहुत जरूरी है। इसके लिए आप कॉटन में गुलाब जल डालें और इसे अपनी आंखों पर रखकर कुछ देर के लिए आंखों को आराम दें। गुलाब जल को आंखों में डालने से भी तुरंत राहत मिलती है, साथ ही फ्रेश महसूस होता है। अत: अपने आंखों का ध्यान रखें और समय-समय पर अपनी पलकों को झपकाते रहें।

# कम इम्यूनिटी वाले बच्चों के लिए फायदेमंद है बेर

क्या याद हैं वो बचरन के दिन जब स्कूल के बाहर खड़ा होता था बेर वाला। नमक-मिर्च से लपटे हुए उन बेरों का स्वाद भी लाजवाब होता था। मीठे स्वाद के ये बेर कई लोगों को खूब पसंद होते हैं। इस फल का अपना एक अलग स्वाद है, जो सेहत के लिए काफी ज्यादा फायदेमंद साबित होता है। जी हां, बेर प्रतिरक्षा के लिए और कब्ज जैसी बीमारियों के लिए खूब प्रभावी है। कैल्शियम, पोटेशियम, आयरन और एंटीऑक्सिडेंट के साथ विटामिन ए और सी से भरपूर, बेर में 24 में से 18 जरूरी अमीनो एसिड होते हैं जिनकी हमारे शरीर को जरूरत होती है।

## कैलोरी की मात्रा होती है कम

बेर में कैलोरी की मात्रा कम होती है। साथ ही यह डायटरी फाइबर से भरा होता है जो वजन कम करने वालों के लिए एक अच्छा स्नैक भी हो सकता है। ब्रेन को बूस्ट करने के साथ ही ये रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने से लेकर कब्ज, अनिद्रा और कई बीमारियों को दूर करने तक, काफी ज्यादा फायदेमंद होता हैं। न्यूट्रिशनिस्ट की मानें तो बेर न केवल कम प्रतिरक्षा से पीड़ित बच्चों के लिए फायदेमंद है, बल्कि सर्दियों के मौसम में बालों और त्वचा की समस्याओं से निपटने में भी मददगार है।

## स्नैक्स में फलों को करें शामिल

रुजुता अक्सर इंस्टाग्राम पर वेट लॉस से जुड़ी चीजों को बताती रहती हैं। बीते दिनों उन्होंने बताया था कि फल नेचुरली मीठे और पोषण से भरपूर होते हैं। अगर आपको दिन में किसी समय पर कुछ मीठा खाने की पुरानी आदत है, तो आप इसके बजाय एक फल खाने की कोशिश कर सकते हैं। फल खाने से आपको अस्वस्थता से निपटने में मदद मिल सकती है।





# चमत्कारी औषधि है सफेद मूसली

**पौराणिक लेख और कई अत्याधुनिक शोधों ने इस बात को प्रमाणित किया है कि सफेद मूसली एक चमत्कारी औषधि है जिसका प्रयोग कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं को ठीक करने में किया जाता है। सफेद मूसली के लाभ तो आपने सुने होंगे, लेकिन इसके यह 7 फायदे आप बिल्कुल नहीं जानते होंगें.**

- अगर आपको अक्सर बदन दर्द की शिकायत बनी रहती है, तो प्रतिदिन सफेद मूसली की जड़ का सेवन फायदेमंद होता है। उच्च रक्तचाप, गठिया रोग में भी यह लाभकारी है।
- पथरी/स्टोन की समस्या में सफेद मूसली को इन्द्रायण की सूखी जड़ के साथ बराबर मात्रा (1-1 ग्राम) में पीसकर, इसे एक गिलास पानी में डालकर खूब मिलाएं और मरीज को प्रतिदिन सुबह पिलाएं। यह उपाय सात दिनों में ही अपना प्रभाव दिखाता है और पथरी गल जाती है।
- शारीरिक शिथिलता को दूर कर ऊर्जा को बढ़ाने में सफेद मूसली बेहद लाभकारी होती है, यही कारण है कि कई तरह की दवाइयों के निर्माण में सफेद मूसली का प्रयोग किया जाता है।
- महिलाओं के लिए मूसली अत्यधिक लाभकारी होती है। यह उम्र के असर को कम कर सुन्दरता बढ़ाने में भी मददगार साबित होती है। इसके अलावा अन्य नारी प्रमुख समस्याओं में भी इसका सेवन फायदेमंद होता है।
- पेशाब में जलन की शिकायत होने पर तो सफेद मूसली की जड़ को पीसकर इलायची के साथ दूध में उबालकर पीना बेहद फायदेमंद होता है। दिन में दो बार इस दूध को पीना लाभदायक होगा।
- सफेद मुसली पुरुषों को शारीरिक तौर पर पुष्ट बनाने के अलावा इनके वीर्य में शुक्राणुओं की संख्या बढाने में मददगार है।
- कई शोध ये भी बताते हैं कि डायबिटीज के बाद होने वाली नपुंसकता की शिकायतों में भी सफेद मूसली सकारात्मक असर दिखाती है।



# सायटिका में फायदेमंद है पारिजात

हरसिंगार जिसे पारिजात भी कहते हैं, एक सुंदर वृक्ष होता है, जिस पर सुंदर व सुगंधित फूल लगते हैं। इसके फूल, पत्ते और छाल का उपयोग औषधि के रूप में किया जाता है। यह सारे भारत में पैदा होता है। यह 10 से 15 फीट ऊंचा और कहीं 25-30 फीट ऊंचा एक वृक्ष होता है और देशभर में खास तौर पर बाग-बगीचों में लगा हुआ मिलता है। विशेषकर मध्यभारत और हिमालय की नीची तराइयों में ज्यादातर पैदा होता है। इसके फूल बहुत सुगंधित और सुंदर होते हैं जो रात को खिलते हैं और सुबह मुरझा जाते हैं। यह हलका, रूखा, तिक्त, कटु, गर्म, वात-कफनाशक, ज्वार नाशक, मृदु विरेचक, शामक, उष्णीय और रक्तशोधक होता है। सायटिका रोग को दूर करने का इसमें विशेष गुण है।

## रासायनिक संघटन

इसके फूलों में सुगंधित तेल होता है। रंगीन पुष्प नलिका में निक्टैन्थीन नामक रंग द्रव्य ग्लूकोसाइड के रूप में 0.1% होता है जो केसर में स्थित ए-क्रोसेटिन के सदृश्य होता है। बीज मज्जा से 12-16% पीले भूरे रंग का स्थिर तेल निकलता है। पत्तों में टैनिक एसिड, मेथिलसेलिसिलेट, एक ग्लाइकोसाइड (1%), मैनिटाल (13%), एक राल (12%), कुछ उड़नशील तेल, विटामिन सी और ए पाया जाता है। छाल में एक ग्लाइकोसाइड और दो क्षाराभ होते हैं।

## उपयोग

इस वृक्ष के पत्ते और छाल विशेष रूप से उपयोगी होते हैं। इसके पत्तों का सबसे अच्छा उपयोग गृध्रसी (सायटिका) रोग को दूर करने में किया जाता है।

## गृध्रसी (सायटिका)

हरसिंगार के ढाई सौ ग्राम पत्ते साफ करके एक लीटर पानी में उबालें। जब पानी लगभग 700 मिली बचे तब उतारकर ठंडा करके छान लें, पत्ते फेंक दें और 1-2 रत्ती केसर घोंटकर इस पानी में घोल दें। इस पानी को दो बड़ी बोतलों में भरकर रोज सुबह-शाम एक कप मात्रा में इसे पिएं। ऐसी चार बोतलें पीने तक सायटिका रोग जड़ से चला जाता है। किसी-किसी को जल्दी फायदा होता है फिर भी पूरी तरह चार बोतल पी लेना अच्छा होता है। इस प्रयोग में एक बात का खयाल रखें कि वसंत ऋतु में ये पत्ते गुणहीन रहते हैं अत: यह प्रयोग वसंत ऋतु में लाभ नहीं करता।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रधानमंत्री आवास की दूसरी किश्त जारी कर भाजपा ने वादा निभाया : सुरोतीलाल लकड़ा



**सरायपाली( समय दर्शन)।** विधानसभा क्षेत्र से भाजपा मंडल केदुवां के सक्रिय भाजपा कार्यकर्ता सुरोतीलाल लकड़ा ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प मोदी की गारंटी के तहत छत्तीसगढ़ के आवासहीन गरीब परिवार के अन्तर्गत आने वाले 8 लाख हितग्राहियों को पीएम आवास की दूसरी किस्त की राशि रु. 2560 करोड़ जारी किया है, जो कि छत्तीसगढ़ के आवासहीन परिवारों के लिए बहुत बड़ी खुश खबर है. पीएम आवास योजना में अब तक कुल रु. 5144 करोड़ की राशि जारी हो चुकी है. आगे लकड़ा जी ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश की जनता के संघर्ष एवं कार्यकर्ताओं की मेहनत से भाजपा की सरकार बनाई है. हमारे वादे के अनुरूप 18 लाख आवासहीन परिवारों को पक्के घर देने का वादा निभाया जा रहा है. हमारे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार में पक्के आवास का सपना पूरा होने जा रहा है. लाभार्थियों के लिए राशि जारी होने से अब प्रधानमंत्री आवास निर्माण प्रक्रिया में तेजी आएगी.

भाजपा कार्यकर्ता सुरोतीलाल लकड़ा ने कहा कि प्रदेश के 8 लाख पात्र लोगों को आवास के लिए राशि जारी की गई है. जिससे ग्रामीण अंचल में निवासरत आवास से वंचित अंतिम पंक्ति के लोग लाभान्वित होंगे, जो इस लोक जनकल्याणकारी योजना से छत्तीसगढ़ के लाखों पात्र गरीब परिवार प्रधानमंत्री आवास से वंचित थे, जिसे डबल इंजन की सरकार ने पूरा किया और छत्तीसगढ़ में किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए विष्णु जी की सुशासन सरकार ने किसानों का धान 21 क्विंटल प्रति एकड़ के हिसाब से खरीदी हो रही है तथा राज्य शासन ने 2024-25 में 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी करने का लक्ष्य रखा है, जिसके लिए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय विष्णु देव साय को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया!

### फुंडा पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, मंडी बोर्ड द्वारा बनाए समरसता भवन का किया लोकार्पण



**पाटन।** ग्राम फुंडा में मंडी बोर्ड से 21 लाख से निर्मित समरसता भवन का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर मितानीन दीदियों का भी सम्मान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल थे इस असवर पर महेंद्र वर्मा, आशीष वर्मा,देवेन्द्र चंद्रवंशी, अशोक साहू, कमलेश नेताम, संतराम कुर्रे,सालिक साहू, ईश्वर बंजारे, नीरज सोनी, गोपाल देवांगन,दिनेश शर्मा, धनेश्वर वर्मा, आशीष वर्मा, मनीष पटेल, शुभम भाले, आनंद बघेल, झिलेंद्र वर्मा, सरपंच रमा वर्मा सहित अन्य मौजूद थे। मुख्य अतिथि श्री बघेल ने धान खरीदी पर बोला कि सरकार द्वारा धान खरीदी की व्यवस्था नहीं बनाई जा रही है। किसान टोकन लेने परेशान है। बारदाना नहीं होने के कारण फुंडा सोसायटी 5 दिन से खरीदी बंद है। इसके अलाव बिजली कटौती, बिजली बिल में बढ़ोत्तरी पर सांय सरकार घेरा गया।

### बिजली बिल देखकर लग रहा है आम जनता को झटका- राकेश ठाकुर



**पाटन।** उपभोक्ताओं को बिजली कंपनी मनमाने बिजली बिल थमा रही है। ऐसे में बढ़े बिल देख लोगों का ठंड में भी पारा चढ़ रहा है। अधिक बिजली बिल आने पर उपभोक्ता उसमें सुधार के लिए बिजली कंपनी कार्यालय पहुंच रहे हैं। बिजली बिल में सुधार के लिए सुबह से ही बिजली कार्यालय में आम लोगों की कतारें लगी हुई प्रतिदिन देखी जा सकती है। सेलूद क्षेत्र के गांवों में स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद बिजली बिल में बढ़ोत्तरी होने पर पूर्व जिला पंचायत सभापति राकेश ठाकुर ने कहा कि आम उपभोक्ता को भाजपा सरकार स्मार्ट मीटर लगाने के बाद उनके जेब में डांका डाल रही है। क्षेत्र में बिजली मीटर लगे करीब 3 माह होने जा रही है। पहले जिन उपभोक्ताओं का बिल 3 से 4 सौ रुपए तक आता था अब 3 से 4 हजार तक आ रही है। अब तो स्थिति ऐसे हो गई है कि लोगों को बिजली का बिल देखकर ही झटका लग रहा है। बढ़े बिजली बिल से सबसे ज्यादा दिक्कत गरीब, मजदूर और मध्यमवर्गीय लोगों के सामने संकट खड़ा हो गया है। जिनको एक साथ रीडिंग बिल के नाम पर 4 से 5 हज़ार रुपए का बिल थमा दिए गए हैं। पहले ही महंगाई की मार झेल रहे लोगों को अब अपने घर परिवार का खर्च वहन करने का संकट है और उनकी जेब में काम बंद होने के कारण पैसा तक नहीं है। वे लोग 4 से 5 हजार रुपए के बिजली बिल कैसे भरेंगे।

# सामूहिक लोकनृत्य में सत्य के विरासत पंथी नृत्य मुड़ियाडीह प्रथम

**लोकगीत में दिनेश एवं साथी भोरिंग प्रथम**

**नगर पालिका अध्यक्ष राशि महिलांग ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं**

**विकासखंड स्तरीय युवा उत्सव महासमुंद आयोजना संपन्न**




**महासमुंद ( समय दर्शन )।** जिला प्रशासन तथा खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद द्वारा महासमुंद विकासखंड स्तरीय युवा उत्सव 2024- 25 का आयोजन स्वामी आत्मानंद हिंदी मिडियम स्कूल महासमुंद में आयोजित किया गया। अतिथि के रूप में अध्यक्ष नगर पालिका परिषद महासमुंद राशि महिलांग, जिलाध्यक्ष भारत स्काउट एवं गाइड दाऊ लाल चंद्राकर, सेवानिवृत शिक्षक नीलमणि चंद्राकर, खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे, प्राचार्य स्वामी आत्मानंद हिंदी मिडियम स्कूल हेमेंद्र आचार्य, डॉ. विकास अग्रवाल उपस्थित रहे। आयोजन में लोकनृत्य, लोक गीत, चित्रकला, कहानी लेखन, कविता लेखन, तात्कालिक भाषण इत्यादि विधाओं में प्रतिभागी शामिल हुए। तात्कालिक भाषण में वर्षा गजेंद्र पी जी कॉलेज महासमुंद ने छत्तीसगढ़ शासन के प्रथम एक वर्ष को सुशासन के रूप में बताते हुए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा चहुमुखी विकास के लिए किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। सामूहिक लोकनृत्य में सत्य के विरासत पंथी नृत्य मुड़ियाडीह ने सुंदर प्रस्तुति दीं एवं प्रथम स्थान प्राप्त किया। तात्कालिक भाषण में प्रथम स्थान भैरव प्रसाद पाल, द्वितीय स्थान वर्षा गजेंद्र, तृतीय स्थान हेमा साहू ने प्राप्त किया। सामूहिक एवं एकल लोकगीत में प्रथम स्थान भोरिंग, एकल में द्वितीय स्थान खुशबू यादव, तृतीय स्थान गोपिका साहू ने प्राप्त किया। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान ऋतिक पहारिया, द्वितीय स्थान मुस्कान निषाद तृतीय स्थान रौनक सोनी ने प्राप्त किया। कविता में प्रथम स्थान ज्ञानसी चंद्राकर द्वितीय स्थान दिनेश कुमार साहू, तृतीय राज साहू भोरिंग ने प्राप्त किया। कहानी लेखन में प्रथम स्थान हेमा साहू, द्वितीय स्थान केशव कुमार चेलक आई टी आई महासमुंद ने प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को अतिथियों ने पुरस्कृत किया। आयोजन को सफल बनाने में निर्णायक मंडल डॉ. विकास अग्रवाल, सुरेंद्र मानिकपुरी, अवनीश वाणी, पुष्पलता भार्गव, हेमेंद्र आचार्य, विजय मिर्चे एवं सहयोगी गणेश कोसरे, कामता साहू, वेदराम, भूपेंद्र कुमार साहू, नीलम सिंहा, कामता प्रसाद साहू, छन्नू साहू, संदीप साहू का सहयोग रहा। मंच संचालन विजय मिर्चे, आभार व्यक्त खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे ने किया। जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 24 दिसंबर 2024 को यज्ञ शाला भवन सिरपुर महासमुंद में सुबह 11 बजे से आयोजित होना है जिसमें सभी विकासखंड के विजेता प्रतिभागी शामिल होंगे।

# मोना स्कूल सारंगढ़ में मल्हार 2024 का भव्य आयोजन



**सारंगढ़ ( समय दर्शन )** मोना स्कूल सारंगढ़, में 22 वां फाउंडर्स डे , मल्हार का भव्य आयोजन गत दिनों किया गया। विदित हो कि गत 22 वर्षों से मोना ग्रुप ऑफ एजुकेशन शिक्षा के क्षेत्र में लगातार अपने नए प्रयोगों, अनूठी शिक्षा नीति और बच्चों के प्रयोगात्मक सम्पूर्ण विकास के जरिये क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान बनाते आ रहा है। इसी कड़ी में इस वर्ष मोना मॉडर्न स्कूल सारंगढ़ में 22 वां फाउंडर्स डे-मल्हार का आयोजन किया गया। मोना ग्रुप ऑफ एजुकेशन के फाउंडर द्वय श्री रीतेश केशरवानी एवं श्रीमती तोषी गुप्ता केशरवानी ने मल्हार 2024 के आयोजन के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि भारत की सांस्कृतिक विरासत के हर रूप को दर्शाता इस वर्ष मल्हार 2024 विभिन्न विशेषताओं से भरपूर था। विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करते हुए, पारंपरिक संस्कार और आधुनिक विचार के टैग लाइन को आत्मसात करते हुए मल्हार के इस आयोजन के मुख्यातिथि मोना ग्रुप ऑफ एजुकेशन के अध्यक्ष श्री बी पी केशरवानी जी एवं श्रीमती लता केशरवानी जी रहे। दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत माता सरस्वती की वंदना से की गई। तत्पश्चात छत्तीसगढ़ के राज्यगीत, अरपा पैरी के धार के सामूहिक गायन से कार्यक्रम को गति प्रदान की गई जिसमें प्रांगण में उपस्थित सभी व्यक्तियों ने राज्यगीत के सम्मान में खड़े होकर राज्यगीत का सुमधुर गायन कर इस मल्हार को विशेष बना दिया। मल्हार 2024 में कार्यक्रम संचालन की भूमिका आदर्श पटेल, शार्वी केशरवानी, अंशु पटेल एवं आस्था शुक्ला ने संभाली। कार्यक्रम में ऐ मेरे वतन के समूहगीत ने उपस्थित जनमानस को देशभक्ति के रंग से सराबोर दिया। भारतीय विरासत तथा भारतीय संस्कृति के विविध रूप की झलक एक भारत श्रेष्ठ भारत में दिखाया गया। क्रिकेट की दीवानगी आईपीएल और उसकी उपलब्धयों को दिखाते नृत्य से दिखाई गई क्लास वन के स्टूडेंट्स ने। मोबाइल के चंगुल में फंसे बच्चों के छीनते बच्चों बचपन को देख एक माँ के द्वारा कैसे बच्चों को पुराने विलुप्त होते खेलों के बारे में बता उन्हें मोबाइल से दूर रहने का संदेश दिया क्लास टू के बच्चों ने। आरम्भ है प्रचंड और नमो नमो शंकरा जैसे एनर्जेटिक गानों पर नृत्य का अद्भुत प्रदर्शन नर्सरी से यूकेजी के बच्चों ने किया। वही दादा दादी के प्यार और सम्मान से भरपूर दादा जी की छड़ी ने बच्चों और दादा दादी के बीच प्रेम और लगाव को दिखाया एलकेजी के बच्चों ने। भाई बहन के प्यार और तकरार को दिखाता मेरा भाई प्रस्तुत किया क्लास वन के स्टूडेंट्स ने। एक चतुरनार और झूम झूम झुमरू जैसे कॉमेडी नृत्य के प्रदर्शन ने दर्शकों को खूब हंसाया। बच्चे शुरू में हॉस्टल नहीं जाना चाहते और जब हॉस्टल चले जाते हैं तो वहाँ से आना नहीं चाहते।हॉस्टल के चैलेंजेस और सामंजस्य के बाद हॉस्टल की मस्ती को दिखाया क्लास चौथी के छात्रों ने हॉस्टल लाइफ के द्वारा। महाकाल भगवान शिव के शिव तांडव तथा शिवभक्तों द्वारा वीररस से भरपूर नृत्य का अद्भुत प्रदर्शन 8वीं के स्टूडेंट्स ने दिखाया वहीं शिवतांडव का अनुवाद आशुतोष राणा की आवाज में गाये गीत में 7वीं के स्टूडेंट्स ने कथक में परन के बोलों की सुन्दर प्रस्तुति दी। दक्षिण भारत की संस्कृति को दिखाया 2री के स्टूडेंट्स ने। वहीं बुराई पर अच्छाई की जीत को दिखाया 3री से 5वीं के स्टूडेंट्स ने। छत्तीसगढ़ की संस्कृति को बारहमासी नृत्य के द्वारा दिखाया 6वीं से 11वीं के स्टूडेंट्स ने जिसमें गेड़ी नृत्य, सुआ नृत्य, राउत नाच, माता भक्तों द्वारा जवारा यात्रा, कर नापना, पंथी नृत्य, फाग गीत , डंडा नृत्य द्वारा दिखाया गया। युवाओं में बढ़ते ड्रग एडिक्शन और कैंसर अवेयरनेस को दिखाते और नशे से दूर रहने का संदेश मोना कॉलेज ऑफ फॉर्मेसी के स्टूडेंट्स ने अपने नृत्य के माध्यम से दिया। मल्हार 2024 का मुख्य आकर्षण रहा इसरो पर आधारित नृत्यनाटिका जिसमें इसरो के चंद्रयान 3 के सफल प्रक्षेपण को दिखाया 5वीं के स्टूडेंट्स ने जिसमें चंद्रयान 3 की लॉन्चिंग का जीवंत प्रदर्शन किया गया जहाँ चंद्रयान 3 का मॉडल स्टेज से स्कूल बिल्डिंग की छत पर बने चंद्रमा के मॉडल पर पहुँचा जहाँ तिरंगा फहराया गया। गजानना, कान्हा सो जा जरा, रावण के हैंड फॉर्मेशन के अद्भुत नृत्य को दर्शकों ने बहुत सराहा। क्लास 4थी के स्टूडेंट्स ने सेव ट्री का संदेश दिया वहीं 8वीं के स्टूडेंट्स ने बारिश ना होने पर एक किसान की व्यथा को दिखाया। मछुआरा समुदाय के कोली नृत्य पंजाब के पंजाबी रीमिक्स, तथा राजस्थानी नृत्य ने सांस्कृतिक विविधता दिखा दर्शकों की तालियाँ बटोरी। वहीं आर्मी के नौजवानों द्वारा दुश्मनों से भारत की रक्षा पर आधारित जाबांजी से भरपूर नृत्य का प्रदर्शन किया गया। शार्वी एवं निहाल ने इस नृत्यनाटिका में स्केटिंग का सुंदर प्रदर्शन किया। 8वीं एवं 9वीं के स्टूडेंट्स ने योगा द्वारा स्वस्थ जीवन का संदेश दिया वहीं पसूरी, मेरे ढोलना सुन, बाहुबली, मुर्शिद खेले होली के द्वारा स्टूडेंट्स ने अद्भुत नृत्यकौशल का प्रदर्शन किया। द्रोणाचार्य तथा एकलव्य पर आधारित नृत्यनाटिका गुरुदक्षिणा ने गुरु के प्रति आदर एवं सम्मान को दिखाया वहीं वीर छत्रपति शिवाजी महाराज के वीर रस से भरपूर नृत्य प्रदर्शन से प्रांगण जय भवानी जय शिवाजी के नारों से गूंज उठा । वहीं दूसरी ओर वीर क्रांतिकारी भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव पर आधारित नृत्यनाटिका में इंकलाब जिंदाबाद के नारों के बीच उनकी फाँसी के मार्मिक दृश्य के प्रदर्शन ने उपस्थित जनमानस के रोम रोम को देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत के दिया।

# विधायक के बेटे की गाड़ी मे 151 किलो गांजा डोगरीपाली पुलिस ने किया जप्त



**सारंगढ़ बिलाईगढ़ योगेश कुर्रे ( समय दर्शन )** जिले की पुलिस गांजे पर लगातार कार्यवाही कर रही है लेकिन 21 तारीख की कार्यवाही जबरदस्त तरीके से किया गया गाड़ी पकड़ी है जिसका तार राजनैतिक पार्टी से जुडा बताया जा रहा गाडी पूर्व विधायक की है दरअसल मामला 21 तारीख की बीती रात का हैँ जहाँ डोगरीपाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिलती हैँ कि एक सफ़ेद रंग की इनोवा कार गाँजा लेकर आ रही हैँ जिसको घेरा बंदी किया गया लेकिन आरोपी जो हैँ गाडी सीधा चढ़ा देने की कोशिश की पुलिस गाड़ी का पीछा करता रहा और झाल की जंगल मे आरोपी ने गाडी छोड़कर भाग निकला गाड़ी की तलाशी लेने पर पिले रंग की 150 पैकेट जिसमे लगभग 151 किलो गांजा भरा हुआ था जिसकी कुल कीमत लगभग 30 लाख की आसपास बताई जा रही वही कार की बात करें तो महासमुंद पासिंग है बताया जा रहा की गाडी सराईपाली कांग्रेस के पूर्व विधायक किस्मत लाल नंद की हैँ जिसको अपने बेटे अंकित के नाम से लिया गया हैँ आधी रात अंधेरा होने से आरोपी मौके से फरार हो गया जिसका खोज बिन जारी है

**कार्यावही सरहानीय तो रही लेकिन कुछ सवाल पर्दे पर ?-** सवाल यह उठता हैँ की मामला 21 तारिख की लगभग 1 से 2 बजे रात का बताया जा रहा हैँ लेकिन मीडिया मे जानकारी पुलिस ने 12से 15 घण्टे बाद दी, आखिर इतने लम्बे समय तक पुलिस ने मीडिया से ये बात क्यों छुपाई गई ?, सवाल यह भी उठता हैँ की रात को गाड़ी पकड़ी गई उसका कोई फोटो भी मीडिया को नहीं दिया गया ? जिस तस्वीर को साँझा किया गया ओ अगले सुबह की बताई जा रही,, सवाल यह भी उठता की कार्यवाही तो की गई लेकिन गाड़ी कांग्रेस के बड़े नेता की होने की वजह से मामला दबाने की कोशिश तो नहीं की गई ?

इस मामले मे जब एडिसनल एस पी निमिषा पाण्डेय से जानकारी ली गई तो बताया कि मामला 21 तारीख के रात को मुखबिर से सूचना मिली कि गाँजा का परिवहन होगा तो हमने झाल के जंगलो मे घेरा बन्दी शुरू कर दी और गाड़ी के साथ आगे पीछे भी हुआ और गाड़ी पकड़ी गई जिसमें 151 किलो गाँजा मिला और आरोपी रात का फायदा उठाकर फरार हो गया, बताया गया

**एडिसनल एस पी निमिषा पाण्डेय से भी हुए कई सवाल** - सवाल पूछा गया की घटना किस तारिक की हैँ तो बता नहीं पाए बल्की ये कहने लगे की घटना घेरा बंदी की रात की हैँ दिन तिथि पूछने पर कहती ये तो एफ आई आर मे है आपको पता चल जायेगा !यह भी सवाल किया गया की मीडिया को लेट मे जानकारी क्यों दी गई जिसमे उनका कहना हैँ एनडीपीएस एक्ट की कार्यावही मे बहुत से फॉर्मेल्टी पुरे करने होते हैँ इसलिए थोड़ा लेट से दिया गया इतना ही नहीं उनसे आगे गाड़ी को लेकर सवाल किया गया की गाड़ी किनके नाम पर हैँ तो उसमे भी सवाल सी ट्रेक की बात कही की आप उसमे देख सकते हैँ ऑनलाइन किनका नाम हैँ लेकिन पुलिस ने गाड़ी किसकी हैँ इसकी पुष्टि नहीं की कहा की आर टी ओ से जानकारी लेकर ही बता पाएंगे शनिवार होने की वजह से बंद थी

**आखिर कब तक पुलिस आरोपी तक पहुँचती हैँ ?-** फिलहाल पुलिस जाँच कर रही हैँ अब देखना यह होगा की कब तक आरोपी को पुलिस पकड़ पाती हैँ लेकिन बताया जा रहा की गाडी सरायपाली के कोंग्रेसी पूर्व विधायक किस्मत लाल नंद की बेटे के नाम पर अंकित हैँ अब देखना यह होगा गाड़ी कौन चला रहा था, कौन हैँ गांजा तस्करी करता था यह सब अब आरोपी के गिरफ्त के बाद होगा खुलासा

# भाजपा मण्डल अध्यक्ष के लिए मजबूत और अच्छा विकल्प हो सकते है रवि तिवारी

## भाजपा संगठन चुनाव में 10 मंडलो के अध्यक्ष हुए निर्वाचित, सारंगढ और बरमकेला मंडल की घोषणा बाकी

**सारंगढ( समय दर्शन )**------जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ भाजपा के संगठन चुनाव में एक साथ 10 मंडल अध्यक्ष की घोषणा भाजपा प्रदेश कार्यालय से प्राप्त लिफाफ खोलकर मंडल अध्यक्ष की घोषणा कर दी गई है। जिला चुनाव अधिकारी सौरभ सिंह द्वारा मंडल चुनाव प्रभारियों को दिशा निर्देश पश्चात मंडल अध्यक्षों की घोषणा करने लिफाफ सौंपा गया। जिसमें सरिया मंडल में अजय गोपाल, लेंध्रा मंडल में रामनारायण देवांगन, सालर मल्दा में कैलाश पंडा, भेड़वन गुड़ेली में डा. दिनेश जांगड़े, कोसीर से त्रिलोक देवांगन, केड़ार में अलग राम साहु, सरसींवा में मनोज जायसवाल, भटगांव में अमित अग्रवाल, बिलाईगढ़ एवं पवनी में ज्योति पटेल चुनाव अधिकारी के रूप में मंडल अध्यक्ष की घोषणा कियें। सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला के नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्ष की ताजपोशी हुई है जिसमें बिलाईगढ़ सुश्री राधा राकेश, पवनी मानसाय साहू, भटगांव धीरज सिंह, सरसीवां श्याम साहू, केड़ार दीपक साहू, कोसीर हरिशंकर निराला, भेड़वन गुड़ेली रामेश्वर पुरी, सालर रामकुमार थुरिया, लेन्ध्रा श्रीमती शारदा मालाकार, सरिया प्रदीप सतपथी की नियुक्ति हुई ।सारंगढ और बरमकेला मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति को शिकवा शिकायत होने के कारण अभी कुछ समय के लिए रोक दिया गया है ।सूत्रों से पता चला है कि इन दोनों प्रमुख मंडलो में राजनीति चरम सीमा पर होते नजर आ रही है ।सारंगढ से मंडल अध्यक्ष की दावेदारी कुल 6 लोगो ने की है जिसमे प्रकाश अग्रवाल, राजा गुप्ता,प्रहलाद आदित्य,जय बानी,रवि तिवारी और आशीष केशरवानी है ।सारंगढ मण्डल अध्यक्ष के लिए बेदाग और साफछबि का नेतृत्व होना बहुत जरूरी है क्योंकि सारंगढ जिले का प्रमुख केंद्र बिंदु है,यही से राजनीति की शुरुआत होती है ।कुछ लोगो का कहना है कि प्रकाश अग्रवाल अभी वर्तमान में सारंगढ नगर पालिका जिसमे कांग्रेस का अध्यक्ष है,उनके साथ मिलकर काम कर रहे है जिससे नगर में



चर्चा का विषय बना हुआ है और कहि ना कहि भाजपा के पदाधिकारी,कार्यकर्ता नाखुश भी है ।सूत्रों से पता चला है कि राजधानी के बड़े नेताओं से सारंगढ के कुछ भाजपा नेताओं के द्वारा प्रकाश अग्रवाल का विरोध भी किया गया है ।तो वही वर्तमान में राजा गुप्ता युवा मोर्चा में जिला पदाधिकारी के रूप में स्थापित है, और फिर नगर मंडल में आना उनके लिए एक चुनोती साबित होगा ।सुनने को मिला है कि राजा गुप्ता ,जय प्रकाश केशरवानी के समर्थन में उतर गये है ।तो वही सारंगढ के कुछ बड़े नेता जय प्रकाश केशरवानी को मण्डल अध्यक्ष के रूप में देखना नही चाहते है। वही प्रबल दावेदार माने जाने वाले प्रहलाद आदित्य जो मुख्यमंत्री, संगठन मंत्री,उपमुख्यमंत्री जैसे बड़े बड़े नेताओं से अपना परिचय बताते घूमते है उनके इस कारनामो से भारतीय जनता पार्टी के नेता भी परेशान रहते है ।वही एकदम कम उम्र का युवा नेता आशीष केशरवानी जिनको मण्डल अध्यक्ष के लिए मैदान में जरूर उतार दिया गया है परंतु कुछ शीर्ष नेताओं का कहना है की उनको अभी पार्टी का अनुभव पूरी तरह से नही है ।परंतु इन सब से हट के एक नाम आता है जो नगर मण्डल अध्यक्ष के दौड़ में है जो,भाजपा का पुराना चेहरा रवि तिवारी जो वर्षो से भारतीय जनता पार्टी में मीडिया प्रभारी के रूप में अपना सेवा दे रहे है,वर्तमान में रवि तिवारी सारंगढ नगर मण्डल में मीडिया प्रभारी और सारंगढ जिला के अखबार सारंगढ खबर के संपादक भी है जो लगातार 2008 के विधानसभा चुनाव, लोकसभा चुनाव,और नगर पालिका चुनाव में मीडिया प्रभारी के रूप में काम करते आये है,जिसमे सारंगढ जिला बनने के बाद भाजपा जिला अध्यक्ष सुभाष जालान को और नगर के वरिष्ठ भाजपाई और पत्रकारों ने जिला मीडिया प्रभारी के रूप मे बनाये जाने उनके नाम की मांग रखी थी जिसे राजनीति वश नही बनाया गया था ।पार्टी और पत्रकार एक दूसरे के पूरक होते है,क्योकि पत्रकार उन सभी लोगो के साथ तालमेल बनाकर रखता है उठता बैठता है और जानकारी भी सब तरफ की रखता है। अगर ऐसे लोगो को भारतीय जनता पार्टी सारंगढ नगर मण्डल अध्यक्ष नियुक्त करती है तो कही न कही शासन,प्रशासन से अच्छा तालमेल रखने वाला पत्रकार निश्चित ही पार्टी को आगे ले जाने में सफल हो सकता है और भारतीय जनता पार्टी के विकास करने में सफलता हासिल कर सकता है ।सारंगढ और बरमकेला मण्डल अध्यक्ष की नियुक्ति बहुत जल्द होने की बात चुनाव प्रभारी श्री सौरभ सिंह ने कही है।

# जिले के सात नगरीय निकायों के 120 वार्डो का आरक्षण प्रक्रिया पूरी

**कवर्धा (समय दर्शन)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा की उपस्थिति में आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिले के 7 नगरीय निकाय के कुल 120 वार्डों के लिए आरक्षण की प्रक्रिया पूरी की गई। इस प्रक्रिया में नगर पालिका कवर्धा के 27 वार्ड, पंडरिया के 18 वार्ड के साथ साथ नगर पंचायत पिपरिया, इंदौरी, सहसपुर लोहारा, बोड़ला और पांडातराई के 15-15 वार्डों का अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और महिलाओं के लिए आरक्षण निर्धारित किया गया।

छत्तीसगढ़ नगर पालिक अधिनियम, 1961 की धारा-29 (क) सहपठित छत्तीसगढ़ नगर पालिका (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं महिलाओं के लिए वार्डों का आरक्षण) नियम 1994 के प्रावधानों के तहत कवर्धा जिले के सभी नगर निकायों में वार्डों के लिए आरक्षण सुनिश्चित किया गया। इस दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती मोनिका कौड़ो, कवर्धा एसडीएम अनुपम टोप्पो, सहसपुर लोहारा आकांक्षा नायक, डिप्टी कलेक्टर आरबी देवांगन, श्रीमती गीता रायस्त, सहायक संचालक एमके गुप्ता, नगर पालिका और नगर पंचायत के सीएमओ सहित राजनैतिक पार्टी के प्रतिनिधि उपस्थित थे।




### नगर पालिका परिषद कवर्धा

कवर्धा नगर पालिका परिषद के वार्ड 01 में आरक्षण अ.पि.वर्ग मुक्त, वार्ड 02 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 03 में अ.पि.वर्ग मुक्त, वार्ड 04 में अ.जा. मुक्त, वार्ड 05 में अ.ज.जा महिला, वार्ड 06 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 07 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 08 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 09 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 10 में अ.ज.जा मुक्त, वार्ड 11 में अ.पि. वर्ग मुक्त, वार्ड 12 में अनारक्षित महिला, वार्ड 13 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 14 में अ.पि.वर्ग मुक्त, वार्ड 15 में अनारक्षित महिला, वार्ड 16 में अनारक्षित महिला, वार्ड 17 में अ.जा. महिला, वार्ड 18 में अ.जा. मुक्त, वार्ड 19 में अ.पि.वर्ग महिला, वार्ड 20 में अ.पि.वर्ग महिला, वार्ड 21 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 22 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 23 में अ.पि.वर्ग. मुक्त, वार्ड 24 में अनारक्षित महिला, वार्ड 25 में अनारक्षित महिला, वार्ड 26 में अनारक्षित मुक्त और वार्ड 27 में अ.जा. मुक्त है।

### नगर पालिका परिषद पंडरिया

पंडरिया नगर पालिका परिषद के वार्ड 01 में आरक्षण अ.जा. महिला, वार्ड 02 में अ.जा. महिला, वार्ड 03 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 04 में अनारक्षित महिला, वार्ड 05 में अ.जा. मुक्त, वार्ड 06 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 07 में अ.पि.वर्ग मुक्त, वार्ड 08 में अ.जा. मुक्त, वार्ड 09 में अनारक्षित महिला, वार्ड 10 में अ.जा. मुक्त, वार्ड 11 में अ.ज.जा महिला, वार्ड 12 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 13 में अ.पि.वर्ग. महिला, वार्ड 14 में अ.ज.जा मुक्त, वार्ड 15 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 16 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 17 में अनारक्षित मुक्त और वार्ड 18 में अनारक्षित मुक्त है।

### नगर पंचायत पिपरिया

नगर पंचायत पिपरिया के वार्ड 01 में आरक्षण अ.पि.वर्ग मुक्त, वार्ड 02 में अ.पि.वर्ग मुक्त, वार्ड 03 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 04 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 05 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 06 में अ.पि.वर्ग मुक्त, वार्ड 07 में अ.पि.वर्ग महिला, वार्ड 08 में अ.पि.वर्ग महिला, वार्ड 09 में अ.जा. महिला, वार्ड 10 में अ.जा मुक्त, वार्ड 11 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 12 में अनारक्षित महिला, वार्ड 13 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 14 में अनारिक्षत महिला और वार्ड 15 में अनारक्षित मुक्त है।

### नगर पंचायत सहसपुर लोहारा

नगर पंचायत सहसपुर लोहारा के वार्ड 01 में अनारक्षित महिला, वार्ड 02 में अनारक्षित महिला, वार्ड 03 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 04 में अ.जा. मुक्त, वार्ड 05 में अ.जा. मुक्त, वार्ड 06 में अ.पि.वर्ग मुक्त, वार्ड 07 में अ.ज.जा. मुक्त, वार्ड 08 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 09 में अनारक्षित महिला, वार्ड 10 में अ.जा महिला, वार्ड 11 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 12 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 13 में अ.पि.वर्ग मुक्त, वार्ड 14 में अ.पि.वर्ग. महिला और वार्ड 15 में अनारक्षित मुक्त है।

### नगर पंचायत पांडातराई

नगर पंचायत पंडातराई के वार्ड 01 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 02 में अनारक्षित महिला, वार्ड 03 में अ.पि.वर्ग मुक्त, वार्ड 04 में अ.जा. मुक्त, वार्ड 05 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 06 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 07 में अनारक्षित महिला, वार्ड 08 में अ.पि.वर्ग मुक्त, वार्ड 09 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 10 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 11 में अ.पि.वर्ग. महिला, वार्ड 12 में अ.पि.वर्ग मुक्त, वार्ड 13 में अनारक्षित महिला, वार्ड 14 में अ.जा. महिला और वार्ड 15 में अ.जा. मुक्त है।

### नगर पंचायत बोड़ला

नगर पंचायत बोड़ला के वार्ड 01 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 02 में अनारक्षित महिला, वार्ड 03 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 04 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 05 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 06 में अ.जा. मुक्त, वार्ड 07 में अ.पि.वर्ग मुक्त, वार्ड 08 में अ.पि.वर्ग महिला, वार्ड 09 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 10 में अ.ज.जा मुक्त, वार्ड 11 में अ.जा महिला, वार्ड 12 में अ.ज.जा मुक्त, वार्ड 13 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 14 में अनारक्षित महिला और वार्ड 15 में अ.ज.जा महिला है।

### नगर पंचायत इंदौरी

नगर पंचायत इंदौरी के वार्ड 01 में आरक्षण अनारक्षित मुक्त, वार्ड 02 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 03 में अनारक्षित महिला, वार्ड 04 में अनारक्षित महिला, वार्ड 05 में अ.ज.जा मुक्त, वार्ड 06 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 07 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 08 में अनारक्षित महिला, वार्ड 09 में अ.जा महिला, वार्ड 10 में अ.जा मुक्त, वार्ड 11 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 12 में अ.जा मुक्त, वार्ड 13 में अ.जा मुक्त, वार्ड 14 में अ.जा मुक्त और वार्ड 15 में अ.जा. महिला है।

## खबर-खास

## गरियाबंद पुलिस द्वारा छुरा में सामुदायिक पुलिसिंग के अंतर्गत खेल कूद का किया आयोजन



**गरियाबंद।** 21 दिसम्बर को वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना प्रभारी छुरा के द्वारा समुदायिक पुलिसिंग के तहत खो-खो,कब्बड्डी एवं बैटमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय मिनी स्टेडियम छुरा में किया गया।सामुदायिक पुलिसिंग का मुख्य उद्देश्य पुलिस और जनता के बीच आपसी समन्वय स्थापित कर पुलिस और जनता के बीच मधुर संबंध को आगे बढ़ाया जाना है।वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं गई।कार्यक्रम के दौरान कचना ध्रुवा कालेज के छात्रों द्वारा नशा मुक्ति का नाटय मंचन किया गया।प्रतियोगिता उपरांत विजेता,उप विजेता एवम सहभागिता करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार स्वरूप ट्राफी कप, प्रशस्ती पत्र प्रदान किया गया।कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी छुरा के 5 स्कूलो के प्राचार्य एवम शिक्षक,जनप्रतिनिधिगण एवं छात्र/छात्राये उपस्थित रहे।

## अदनान खान कलर्स के आगामी शो 'मन्नत हर खुशी पाने की' में महत्वाकांक्षाओं का ड्रामा शुरू करने के लिए तैयार हैं; प्रोमो रिलीज हो गया है

कलर्स की आगामी पेशकश, 'मन्नत - हर खुशी पाने की' ने एक और प्रोमो जारी करके दर्शकों की उत्सुकता बढ़ा दी है, जिसमें ड्रामा और भावनात्मक ट्विस्ट की भरमार है। मुंबई के एक रेस्तरां में सेट की गई, यह कहानी एक प्रतिभाशाली युवा शेफ मन्नत की जिंदगी पर आधारित है। वह ऐसी दुनिया में अपनी योग्यता साबित करने के लिए दृढ़ संकल्पित है, जो उसे उसकी प्रतिभा से ज्यादा उसकी साधारण जड़ों को अहमियत देती है। उसके सपनों को उसकी क्रूर बॉस से चुनौती मिलती है, जो हर मोड़ पर उसे कमतर आंकती है, और उसका उपहास उड़ाती है कि वह सिर्फ सड़क किनारे ठेला चलाने लायक ही है। हालांकि, उसके दूसरे बॉस, विक्रांत का मानना है कि उसमें हेड शेफ की हैट पहनने के अपने सपने को जीने की पूरी काबिलियत है, जो उसकी कुकिंग से पूरी तरह प्रभावित है। मन्नत को यह नहीं पता है कि ऐश्वर्या सिर्फ उसकी बॉस नहीं है - बल्कि वह उसकी मां भी है, वही महिला जिसने उसे जन्म देने के बाद छोड़ दिया था! मन्नत की भूमिका में आयशा सिंह, ऐश्वर्या के रूप में मोना वासु और विक्रांत के किरदार में अदनान खान अभिनीत, 'मन्नत हर खुशी पाने की' मां-बेटी के जटिल रिश्ते पर से पर्दा उठाती है, और यह बताती है कि किसी को अपने भाग्य को बदलने के लिए क्या करना पड़ता है। विक्रांत की भूमिका निभाने को लेकर अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए, अदनान खान कहते हैं, मैं 'मन्नत हर खुशी पाने की' के साथ 2024 को काफी खूबसूरत यादों के साथ समाप्त करने के लिए आभारी और रोमांचित हूं। चैनल ने हमेशा कहानी पेश करने के मामले में नई सीमाएं पारिभाषित की हैं, और मेरे लिए यह बहुत बड़ी बात है कि उन्होंने ऐसे कई पहलुओं वाले किरदार को निभाने के लिए मुझ पर भरोसा किया है। मैं जिस किरदार को निभा रहा हूं - विक्रांत एक प्यारा पारिवारिक व्यक्ति है, जो इंग्लैंड से भारत आया है। वह अपने रेस्तरां की फ्रैंचाइजी का विस्तार करने के लिए दृढ़ है, और जिंदगी के उस मोड़ से अनजान है जो मन्नत उसके जीवन में लाएगी।

## बाबा गुरू घांसीदास ने दिया संदेश मनखे मनखे एक समान- विक्की अग्रवाल

**कवर्धा (समय दर्शन)।** नगर पंचायत पिपरिया के वार्ड क्रं.9 में जैतखाम चौक निर्माण कराया गया है। इस जैतखाम के पूरा होने पर नगर पंचायत पिपरिया के अध्यक्ष विक्की अग्रवाल के मुख्य अतिथि में 18 दिसंबर 2024 बुधवार को बाबा गुरू घांसीदास जयंती पर विधि विधान से पूजा अर्चना कर लोकार्पण किया गया।



इस अवसर पर श्री अग्रवाल ने कहा कि संत शिरोमणि बाबा घांसीदास ने सतनाम का अलख जगाते हुए मनखे मनखे एक समान का संदेश दिया है। अर्थात समाज में व्याप्त कुरीतियों को मिटाने तथा छुआछूत को दूर करने एवं समाज को मानवता के मार्ग पर चलने का संदेश दिया है। अध्यक्ष श्री अग्रवाल ने कहा कि् आज बाबा गुरू घांसीदास के बताए सत मार्ग पर चलने की आवश्यकता है। उन्होने कहा कि जैतखाम चौक निर्माण के लिए राशि उपलब्ध कराने वाले विधायक एवं उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के अथक प्रयास से ही उक्त कार्य सहज रूप से सम्पन्न हुआ। इसके लिए वार्ड वासियों ने हर्ष ब्यक्त करते हुए विधायक एवं उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के प्रति आभार ब्यक्त किया गया।

इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष विक्की अग्रवाल, वार्ड पार्षद देवदास मिरी, पिपरिया सोसाइटी अध्यक्ष घुरूवा राम साहू, चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, निर्मल चंद द्विवेदी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मुकेश अग्रवाल, पार्षदगण क्रमश: कमलकांत नाविक, गणेश चंद्रवंशी, रवीन्द्र देवांगन, लोकेश साहू, तथा आम नागरिक एवं वार्डवासियों शिवचरण पटेल, राजेश पटेल, झगराम साहू, राजेन्द्र गुप्ता, बाबूलाल बघेल, नंदा पाटिल, मनीराम, रामजी कुर्रे मुख्य रूप् से उपस्थित रहे। इसके अलावा मुख्य नगरपालिका अधिकारी तथा नगर पंचायत पिपरिया के कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

## सतनाम का जयघोष गांव गाँव में गूंजा-सीमा अनंत

**कवर्धा (समय दर्शन)।** सतनामी समाज द्वारा पूज्य बाबा गुरुघासीदास जयंती समारोह हर वर्ष 18 दिसंबर को बड़े धूमधाम से हर्ष उल्लास के साथ गाँव गाँव में मनाया जाता है। जैसे ही माह दिसम्बर आता है समाज के लोग गुरु पर्व की तैयारी में लग जाते हैं। बाबा जी की मूल सिद्धांत एकता, बंधुत्व, भाईचारा, समानता का संदेश को जन जन तक पहुँचाना होता है।



जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष श्रीमती सीमा अनंत उपस्थित जनसमूह को बताया कि बाबा जी का संदेश बहुत ही सरल और सहज है, जिसे आत्मसात करके हम अपने जीवन में मोक्ष प्राप्त कर सकते हैं। पूज्य बाबा का सहज संदेश काहे के दिया -काहे की बाती, काहे के ज्योति जलाव सरी राती तन के दिया - मन के बाती, प्रेम के ज्योति जलावा सारी राती अर्थात् बाबा ने बताया कि हम मानव रूपी शरीर को को ही साध कर ईश्वर की प्राप्ति कर सकते हैं। हम अपने मन -मस्तिक, चाल चरित्र, ख़ान -पान को सात्विक व संयम रखकर एक अच्छे इंसान बन सकते हैं।

पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि बाबा जी इस बात पर भी ज़ोर देते रहे कि हमारे अंदर प्रेम, सदभाव, करुणा के भावना के साथ जलचर, नभचर, वन एवं सभी जीवो के प्रति सद्भावना रखने की आवश्यकता बताई है। परस्पर सहयोग, आपसी प्रेम भाईचारा और एकता के सूत्र में बंध कर देश राज और समाज को विकास की ओर आगे बढ़ा सकते हैं। बाबा जी मनखे मनखे एक समान के साथ संदेश दिए हैं जिसे यथार्थ में शामिल किए बिना सही मायने में विकास की कल्पना नहीं कर सकते। यह सब सभी सभ्य समाज के चुने हुए जनप्रतिनिधि साथ में सरकार और उनके तंत्र के माध्यम से ही संभव है। बाबा जी के जयंती के अवसर पर उपस्थित जनसमूह को जन्मजयंती की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम सब बाबा जी के बताए मार्ग को जीवन में आत्मसात कर अपने घर परिवार और समाज को आगे बढ़ा सकते हैं और अपने जीवन को सुखमय के साथ मोक्ष की ओर ले जा सकते हैं। यह सब कार्य में हम सबकी जिम्मेदारी होगी, तभी आज का यह पर्व हमारे बाबा जी की जयंती सफल होगा और सार्थकता होगी। इस अवसर पर सरपंच उपसरपंच के साथ दुलारी राम गहरू राम पंचराम टीकाराम नंदराम लेखराम, कुंजराम, कालाराम, भगवानी, अनिलकुमार, जानकराम, मनराम, धनसिंह, दशरथ साहू, संतोष मेरावी, नंदन सिंह, धनसाय, धनुक, लक्ष्मीकांत, जितवाराम, राजकुमार, दिनेश कुमार सहित बड़ी संख्या में महिला और ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## ओडिशा वन विभाग एवं डी.आर.आई की संयुक्त टीम द्वारा हाथी दांत तस्करों पर रायगडा में कारवाई

**गरियाबंद।** केदार कश्यप वनमंत्री वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग छ.ग.शासन,सुधीर अग्रवाल प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) रायपुर छत्तीसगढ़,सतोविशा समाजदार मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) एवं क्षेत्र संचालक उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व रायपुर (छ.ग.) वरुण जैन उपनिदेशक उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व गरियाबंद के कुशल मार्गदर्शन में 13 दिसम्बर को गोपनीय सूचना मिली कि भवानीपटना-कालाहांडी क्षेत्र में हाथी दांत की तस्करी होनी है।इसी दौरान पोटाश बम से घायल हाथी से सम्बंधित प्रकरण क्रमांक 79/19 में पकडे गये आरोपियों से ओडिशा के किसी व्यापारी से पोटाश बम उपलब्ध होने की सूचना भी प्राप्त हुई थी जिसकी पतासाजी की जानी थी।उपनिदेशक उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व वरुण जैन एवं दक्षिण कालाहांडी वनमंडलाधिकारी कलईवणन एवं रायगडा वनमंडलाधिकारी सचिन ओहोल के साथ चर्चा उपरांत 14 दिसंबर को डी आर आई रायपुर (छ.ग.) के साथ संयुक्त रुप से टीम गठन कर मुनीगुड़ा से भवानीपटना मार्ग के बीच भुरसीखमारो गांव के पास हाथी दांत तस्करी करते हुए 5 आरोपियों को पकड़ा गया।उनके पास से 2 नग हाथी दांत (लंबाई 54 से.मी.,उपरी गोलाई 22 से.मी.,निचली गोलाई 10 से.मी.),हाथी दांत टूटा हुआ (लंबाई 24 से.मी. मध्य गोलाई 21 से.मी.) 03 नग मोटर सायकल मौके पर जप्त किया गया।वन परिक्षेत्र अधिकारी मुनीगुड़ा (रायगडा) के द्वारा सभी 5 आरोपियों के विरुद्ध ओ.आर. नंबर 133/2024-25 दर्ज किया गया वही अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।



## कार्यालय राजस्व निरीक्षक पाटन, पाटन दुर्ग (छ.ग.)

**विषय :- सीमांकन बाबत्।**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि तहसीलदार पाटन के आदेश क्रं..... दिनांक 12.12.2024 के पालन में ग्राम गुजरा प.ह.नं. 32, रानिमं व तहसील पाटन के भूमिस्वामी सोहनलाल/ गजरुराम साहू. अजय तिवारी/सुखदेव, श्वेता कश्यप/ पुरुषोतमत, विमला/पुरुषोत्तम, शालिनी/ भुनेश्वर बघेल, केजूराम/ बलदाऊ प्रसाद कश्यप, युगल किशोर/ राजेन्द्र चंद्रवंशी, देवेंद्र/ राजेंद्र चंद्रवंशी, ओमप्रकाश/ राधेश्याम, पुरषोत्तम/ बपलदाऊ प्रसाद, आशीष/ जान मीका, रमेश/ घासीराम तारक द्वारा आवेदित ग्राम गुजरा स्थित भूमि खं. नं. क्र. 687/1, 687/4, 6873, 687/9, 687/07, 687/2, 687/13, 687/5, 687/2, 687/6, 687/8, 690, 695, 687/10, 687/11 रकबा कुल 3.920 हे. का सीमांकन 24.12.24 को पूर्वान्ह अपरान्ह 11-5 बजे किया जाएगा।

कोई व्यक्ति जो उक्त खसरा नं. की भूमि में प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष हित रखते हो तो अपने स्वत्व के वैध दस्तावेज नक्शा, खसरा लेआउट तथा रजिस्ट्री प्रतिलिपि सहित मौके पर उपस्थित होकर दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। तत्पश्चात आपत्ति मान्य नहीं होगी।

जारी दिवांक 17.12.2024

**राजस्व निरीक्षक**
**पाटन, दुर्ग (छ.ग.)**

## भाजयुमो ने कांग्रेस कार्यालय का घेराव कर मल्लिका अर्जुन खडग़े व राहुल गांधी का पुतला जलाया

### संविधान और डॉ. भीमराव अम्बेडकर को लेकर कांग्रेस का चाल चरित्र उजागर होने पर कांग्रेसी तिलमिलाए- मनीराम साहू



**कवर्धा (समय दर्शन)।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय आव्हान व प्रदेश भाजयुमो के निर्देश पर गुरूवार को जिला भाजयुमो के कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस द्वारा देश के गृह मंत्री अमित शाह पर संविधान तथा डॉ. भीम राव अम्बेडकर का अपमान किए जाने का झूठा आरोप लगाए जाने पर आक्रोशित भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष मनीराम साहू के नेतृत्व में जिला कांग्रेस कार्यालय का घेराव किया और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खडग़े तथा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का पुतला जलाया।

गुरूवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष मनीराम साहू के नेतृत्व में भाजयुमो के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने कांग्रेस द्वारा देश के गृह मंत्री अमित शाह द्वारा देश की संसद में बाबा साहब अम्बेडकर एवं संविधान पर दिए गए बयान पर फर्जी वीडियो बनाकर देश के गृह मंत्री तथा भाजपा की लोकप्रिय छवि को खराब करने का प्रयास करने का आरोप लगाते हुए कवर्धा के सिग्नल चौक स्थित कांग्रेस कार्यालय का घेराव किया और कांग्रेस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस बीच कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खडग़े तथा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का पुतला भी फूंक्का।

इस अवसर पर भाजयुमो के जिलाध्यक्ष मनीराम साहू ने कहा कि देश की आजादी के बाद से लेकर अपने पचास वर्ष से अधिक के शासनकाल के दौरान कांग्रेस पार्टी और उनके नेताओं ने जिस ढंग से भारत के संविधान और उसके निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडर का लगातार अपमान किया है, उसे हाल ही में देश की संसद में देश के प्रधानमंत्री नरेद्र मोदी तथा गृह मंत्री अमित शाह ने संविधान पर चर्चा के दौरान पूरी प्रमाणिकता के साथ देशवासियों के सामने रखा है। श्री साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी तथा गृह मंत्री श्री शाह द्वारा कांग्रेस पार्टी तथा उनके नेताओं द्वारा संविधान तथा डॉ भीमराव अम्बेडकर के प्रति चाल, चरित्र को उजागर करने के बाद कांग्रेस तिलमिला गई है और अब वह ओछी राजनीति पर उतर आई है। यही वजह है कि कांग्रेस ने राज्यसभा में गृह मंत्री द्वारा संविधान तथा डॉ अम्बेडकर पर कहीं गई बातों को तोड मरोड़कर वॉयरल किया गया है। जो कांग्रेस पार्टी और उनके नेताओं की गिरी हुई तथा चरित्रहीन घटिया हरकत है। वहीं शहर भाजपा मण्डल अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी ने कहा कि भाजपा तो वो पार्टी है जिसके नेता तथा देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर को भारत रत्न देने का कार्य किया है। आजादी के बाद पहली बार डॉ भीमराव अम्बेडकर की जन्म स्थली पर उनकी प्रतिमा स्थापित करने का कार्य भाजपा ने किया है। ऐसे में देश के संविधान की पूजा करने वाली भाजपा तथा उनके नेताओं पर इस तरह का झूठा आरोप लगाना बेहद गंभीर निंदनीय है। वहीं कार्यक्रम को पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल ने संबोधित करते हुए कहा कि अब कांग्रेस के पास सिर्फ घड़ियाली आंसू बहाने के कुछ भी नहीं बचा है और वह बेवजह झूठे आरोप लगा रही है। यहीं वजह है कि आज भायुमो ने इसके विरोध में कांग्रेस कार्यालय का घेराव कर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे तथा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का पुतला फूंककर अपना विरोध प्रकट किया है।

पुतला दहन के साथ विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम में जिला महामंत्री संतोष पटेल मंडल अध्यक्ष चंद्र प्रकाश चंद्रवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक, जिला अध्यक्ष मनीराम साहू, प्रदेश मंत्री ठाकुर पीयूष सिंह महामंत्री सचिन गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष अजय ठाकुर, तुकेश चंद्रवंशी, मिथिलेश बंजारे, नीतिश चंद्रवंशी, मनोज वैष्णव, सौरभ सिंह, पार्षद सुनील साहू, अनिल साहू, सुदर्शन कुंभकार, दुर्गेश दुबे, अश्विन साहू, नरोत्तम साहू मीनू साहू, योगेश ठाकरे, युवा मोर्चा एवं भारतीय जनता पार्टी के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# संक्षिप्त-खबर

## दो दिवसीय महिला व पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता में जोगी कांग्रेस जिलाध्यक्ष शमसूल आलम हुए शामिल



**राजनांदगांव।** आज दो दिवसीय महिला व पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता में जोगी कांग्रेस जिला अध्यक्ष समशुल आलम ग्राम खपरीकला में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। शमसूल आलम ने बताया ग्राम खपरीकला में पिछले 43 वर्षों से शानदार कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, जिसे प्रभात मंडल के अध्यक्ष उज्जवल निर्मलकर व साथियों द्वारा बेहतरीन आयोजन करवाया जाता है। इस वर्ष भी अतिथियों के रूप में सम्मिलित होकर शमशुल आलम ने खिलाड़ियों का अभिवादन किया। साथ ही साथ वहां उपस्थित दर्शकों में ग्रामवासियों को संबोधित किया। साथ ही प्रभात युवा मंडल के साथियों को सफल आयोजन की बधाई दी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष शमसुल आलम के साथ जिला उपाध्यक्ष कुणाल सिंह, जिला महासचिव नमन पटेल, जिला सचिव शुभम भालाधारे व गौरव कसार उपस्थित थे।

## वन परिक्षेत्र बसना मे वनपाल कार्यक्रम



**बसना(समय दर्शन)।** सामान्य वनमण्डल महासमुंद अन्तर्गत आने वाले सभी स्कूलों एवं वन प्रर्वधन समितियों में वनपाल कार्यक्रम का आयोजन परिक्षेत्र के वन अमला स्थानीय वन प्रबंधन वन समितियों शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं छात्रों की उपस्थिति में वन चौपाल के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें वन एवं जलवायु परिवर्तन-विभाग के अधिकारियो/कर्मचारियों शासन प्रशासन की व्यवथा के तहत शासन की महत्वकाँक्षी योजनाओं: (1) किसान मित्र योत्रना (2) एक पेड़ मां के नाम योजना (3)हरित महासमुन्द योजना (4)गत्रयात्रा बसना महासमुन्द आदि योजनाओं के सम्बंध में विस्तार से प्राथमिकता देते हुए पोषण से पर्यावरण एक वानिकी से होने वाले हानी एवं लाभ के बारे मे प्रचार प्रसार के साथ जागरूक किया गया। इस दौरान उपस्थित ग्रामीण लोगों को जागरूक किया गया। वन मण्डलाधिकारी पंकज राजपूत के दिशा निर्देश एवं उप वन मण्डलाधिकारी अनिल भास्करन एवं बसना परिक्षेत्र अधिकारी सुखराम निराला के कुशल मार्गदर्शन में बसना सहायक परिक्षेत्र अधिकारी बैजनाथ बारिक, बड़ेसाजापाली के सहायक परिक्षेत्र अधिकारी के0 आर0 डडसेना, सहा0 परिक्षेत्र अधिकारी रामभांठा, अक्षय नंद एवं समस्त परिसर रक्षी बसना के द्वारा वन चौपाल का आयोजन किया गया।

## कमला कॉलेज के समाज शास्त्र विभाग में अतिथि व्याख्यान का आयोजन



**राजनांदगांव।** शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव के समाजशास्त्र विभाग में प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा के निर्देशन में दिनांक 11.12.2024 को सामाजिक अनुसंधान विषय पर एक दिवसीय अतिथि व्याख्यान आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा, विशेष अतिथि के रूप में राजनीति विभाग की विभागाध्यक्ष विभागाध्यक्ष सुश्री आबेदा बेगम तथा मुख्य वक्ता श्रीमती उमा आडिल सहायक प्राध्यापक समाजशास्त्र, शासकीय खूबचंद बघेल स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भिलाई, दुर्ग उपस्थित थे। समाज शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. उषा सोनवानी ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि सामाजिक अनुसंधान जो नई घटनाओं की खोज या घटनाओं के बीच संबंधों की जांच करना है। राजनीति विज्ञान की विभागाध्यक्ष सुश्री आबेदा बेगम ने सामाजिक अनुसंधान के महत्व को बताया। कु. गीता साहू जनभागीदारी व्याख्याता समाजशास्त्र ने मुख्य वक्ता का परिचय दिया। मुख्य वक्ता श्रीमती उमा आडिल ने सामाजिक अनुसंधान को पीपीटी के माध्यम से छात्राओं को अनुसंधान प्रविधियों के विशेषताओं महत्व उद्देश्य और समाज में जुड़ी समस्याओं को सुलझाने की कोशिश इसके अलावा नई घटनाओं की खोज या घटनाओं के बीच संबंधों की जांच के बारे में बताया। जिसमें समाजशास्त्र छात्रसंघ के पदाधिकारी एवं एमए प्रथम सेमेस्टर, एमए तृतीय सेमेस्टर की सभी छात्राएं उपस्थित थी। कार्यक्रम के अंत में सुरेन्द्र पटले अतिथि व्याख्याता समाजशास्त्र द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया और धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

# बसना महाविद्यालय जनभागीदारी प्रबंधन समिति की बैठक में शामिल हुए विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल

### अनेक सुविधाओं एवं कार्यों के लिए प्रस्ताव रखा गया।




**बसना( समय दर्शन)।** शासकीय महाविद्यालय बसना में जनभागीदारी प्रबंधन समिति की आवश्यक बैठक आयोजित किया गया। बैठक में विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल शामिल हुए। बैठक के दौरान महाविद्यालय में अनेक सुविधाओं एवं कार्यों के लिए प्रस्ताव रखा गया जिसमें प्रमुख रूप अध्ययन कक्षों को स्मार्ट क्लास बनाने इंटरेक्टिव बोर्ड या स्मार्ट बोर्ड 03 नग स्थापित करने, छात्र छात्राओं के लिए कम्प्यूटर लैब की सुव्यवस्थितिकरण हेतु 10 नग कम्प्यूटर क्रय करने तथा एसी स्थापित करने,छात्र छात्राओं के लिए के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग 53 के दोनों ओर विधायक मद से प्रतिक्षालय बनाने, जनभागीदारी शिक्षकों एवं कर्मचारियों के मानदेय को बढ़ाने, महाविद्यालय की वाई-फाई सुविधा के वार्षिक मरम्मत हेतु, 05 अतिरिक्त अध्ययन कक्ष निर्माण एवं 01 कान्फ्रेंस हाल निर्माण, पुस्तकालय हेतु पुस्तक क्रय करने, छात्र छात्राओं के लिए खेल सामग्री क्रय करने,छात्र छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण हेतु आदि का प्रस्ताव दिया गया जिसमें अधिकांश प्रस्तावों पर सहमति और कुछ प्रस्तावों के आवेदन पर विचार मंगाए गए जिसके उसकी सुव्यवस्थित जन भागीदारी के साथ निराकृत किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से भाजपा नेता रामचंद्र अग्रवाल,नगर पंचायत उपाध्यक्ष सुमित अग्रवाल, मण्डल अध्यक्ष अनिल अग्रवाल,विधायक कार्यालय प्रभारी प्रकाश सिन्हा, पार्षद व स्काउट गाइड संघ अध्यक्ष शीत गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि निर्मलदास,कामेश बंजारा,महाविद्यालय विधायक प्रतिनिधि मोहित पटेल, डॉ डड़सेना, आकाश सिन्हा, पत्रकार सेवकदास दीवान, संजय तायल,अश्वनी प्रधान, डेनियल पीटर, विजय पटेल, अमृत पटेल सहित जनभागीदारी प्रबंधन समिति पदाधिकारी व सदस्य तथा छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

# सुशासन के एक वर्ष पूर्ण होने पर बसना मे आयोजित हुआ किसान सम्मेलन और कृषक सम्मान




**बसना (समय दर्शन)।** छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में सुशासन के एक वर्ष पूर्ण होने पर ''सुशासन का साल छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल'' की थीम पर जनादेश परब मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में विकासखण्ड बसना में किसान सम्मेलन, कृषक उन्नति योजना से लाभान्वित कृषकों का सम्मान और किसान संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित की गई।

उक्त कार्यक्रम बसना विधायक डॉ सम्पत अग्रवाल के प्रतिनिधि जिला उपाध्यक्ष रमेश अग्रवाल एवं रामचंद्र अग्रवाल शामिल हुए। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के संदेश 'विष्णु की पाती' का वाचन किया। प्रतिनिधियों ने अपने संबोधन में कहा कि, सरकार किसानों की आय बढ़ाने और उनके जीवन स्तर में सुधार के लिए प्रतिबद्ध है। साथ ही उन्होंने कृषक उन्नति योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना सहित शासन की अन्य कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

कार्यक्रम में प्रतिनिधि मण्डल ने कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताया और किसानों से आग्रह किया कि वे इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी और किसान सम्मान निधि जैसी योजनाएं प्रदेश के किसानों के लिए लाभकारी साबित हो रही हैं। उन्होंने कृषि से संबंधित जानकारी एवं उद्यानिकी विभाग से संबंधित जानकारी किसानों को दिया गया साथ ही प्रतिनिधि मंडल के द्वारा सुशासन का छत्तीसगढ़ खुशहाल कार्यक्रम में उनके द्वारा भाषण दिया गया उद्यानिकी विभाग के द्वारा कृषकों को सम्मान पत्र एवं पौधा वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थित अतिथियों ने कृषकों को 'विष्णु की पाती' का वितरण किया। इस अवसर पर श्रीमती लक्ष्मी विनोद पटेल सभापति, शीत गुप्ता स्काउट गाइड अध्यक्ष, नरहरी पोर्ते भाजपा मंडल अध्यक्ष, विवेक पटेल अनुविभागीय अधिकारी कृषि, सामल एसएडीओ,उद्यानिकी अधिकारी श्री राठिया,उपेंद्र नाग उद्यानिकी अधिकारी, डॉ.नायक पशुचिकित्सा अधिकारी डॉ.अर्चना, विशाल, पी आर डडसेना ब्रांच मैनेजर,जन्मजय साव, तेजेन्द्र पटेल, कुलदीप प्रधान, डिग्री लाल साव, संतराम निषाद स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में किसान और महिलाएं उपस्थित रहे।

# ग्राम टांगा पासा मे अवैध धान पर बसना SDM की कार्यवाही



### बीती रात माजदा वाहन एवं ट्रैक्टर से 150 कट्टा अवैध धान जप्त

### प्रशासन की सजग निगाहों से नहीं बच पा रहे अवैध धान तस्कर

**अभय धृतलहरे बसना( समय दर्शन )›** बसना ब्लाक के ग्राम टांगा पासा मे स्ष्ठरू और उनके संयुक्त टीम ने आधी रात अवैध धान खपाने की सूचना पर कार्यवाही की है। अवैध धान को खपाने भटगाँव क्षेत्र के चर्चित धान कोचीया चन्दन पटेल द्वारा लगातार अवैध धान का परिवहन किया जा रहा था। जिसकी सूचना पर बसना स्ष्ठरूने आधी रात ग्राम टांगा पासा पहुंच कर कार्यवाही की है।

मिली जानकारी के अनुसार भटगांव से जंगल से बार्डर पार करते हुए दलदली के वन विभाग द्वारा बनाये गए मार्ग का उपयोग कर भटगांव क्षेत्र से रातो रात बसना के दलदली होते हुए वाहनो को पार कराया जाता है। ग्रामीण बताते है कि, भटगांव तरफसे बसना प्रवेश करने के लिए लगभग 3 किलो मीटर वन विभाग के जंगल से होते हुए अवैध धान को पार कराया जा रहा है । इसके लिए धान माफ्यािओ ने बकायादा वन विभाग अंतर्गत के मार्ग को मरम्मत कराया है, ताकि अवैध धान का परिवहन आसानी से किया जा सके। दलदली के जंगल मे बनाये गए पुल भी आज धंस चुके है। बताया जा रहा है कि, लगातार बड़ी गाड़ियाँ धान लेकर भटगांव से दलदली मार्ग पहुँच रही है। इससे पुलिया धँसने की कगार पर है । वहीं धान माफ्यिाओं ने मार्ग मे धान वाहनो को परेशानी ना हो इसके लिए बकायादा मार्ग को मरम्मत भी कराया गया है । ग्रामीण बताते है कि चंदन पटेल भटगाँव की 3 वाहनें अवैध धान की परिवहन मे लगा है? लेकिन टीम की गिरफ्त मे एक ही वाहन आया है ,,वही चंदन पटेल की बिना नंबर प्लेट वाली वाहने भी धान के परिवहन मे लगा है। टांगा पासा मे अवैध धान पर कार्यवाही करते हुए 150 बोरी अवैध धान जिसका कोई कागजात दिखा नहीं पाए ।

साथ ही बिना नंबर का एक जान डियर ,, हरे कलर का ट्रेक्टर वाहन और एक माजदा वाहन क्रमांक ष्ट्त-11,,च- 9474 को जप्त कर टांगा पासा के धान खरीदी प्रभारी सेवन चौधरी को सुपुर्द किया गया है।

इस दौरान बसना स्ष्ठरू ने स्थानीय कोटवार और पटवारियो को अपने अपने क्षेत्र मे नजर बनाये रखने निर्देश दिए हैं । पूरी कार्यवाही मे बसना स्ष्ठरू मनोज खांडे, बसना मंडी उप निरीक्षक दिनेश साहू, राजस्व निरीक्षक राकेश साहू, पटवारी लाल कृष्ण देवांगन सहित कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# स्वामी आत्मानंद विद्यालय साँकरा में सम्पन्न हुआ वार्षिकोत्सव

### बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल



**साँकरा/बसना( समय दर्शन ) ।** बसना विधानसभा के सांकरा स्थित स्वामी आत्मानंद हिंदी अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय में वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक डॉ सम्पत अग्रवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सांसद प्रतिनिधि सतपाल सिंह छाबड़ा ने किया। मुख्य अतिथि ने विद्यालय परिवार के साथ मां सरस्वती पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय परिवार की ओर से विधायक डॉ सम्पत अग्रवाल का पुष्पहार, शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान विधायक डॉ सम्पत अग्रवाल ने उत्कृष्ट छात्र छात्राओं को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। छात्र छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम, झांकियां, नृत्य एवं गीत संगीत भाषण कविता आदि प्रस्तुत किया।

उन्होंने अपने अतिथि उद्बोधन में कहा कि बच्चे देश के भविष्य हैं और देश के निर्माण की आधार शिला भी है। क्योंकि बच्चे पढ़ेंगे, तभी वे अपना भविष्य गढ़ेंगे। इसलिए आप सभी अपनी बच्चों को अच्छी शिक्षा जरूर दें।

ताकि वे देश के विकास में योगदान दें सकें। उनमें आगे बढ़ कर नेतृत्व करने की क्षमता विकसित हो सके। यह तभी संभव है जब हर एक बच्चा शिक्षित, आत्मनिर्भर, जागरूक एवं संस्कारों से परिपूर्ण हो। इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों में एक अलग प्रकार का आत्मबल मिलता है और बच्चों के अंदर कुछ अलग करने की इच्छा शक्ति जागृत होती है। बच्चों के अंदर से डर समाप्त होता है।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्कूल समिति अध्यक्ष कैलाश अग्रवाल, सरपंच मेमबाई नेताम, कलपराम साहू, जनपद पंचायत सदस्यगण पुरुषोत्तम धृतलहरें, कंवलजीत सिंह छाबड़ा,निज सचिव नरेन्द्र बोरे,पूर्व सरपंच गजेन्द्र चौधरी, विधायक प्रतिनिधि सोनू छाबड़ा, प्राचार्य दीपक देवांगन, किसान मोर्चा अध्यक्ष राजेश विशाल, युवा मोर्चा अध्यक्ष गोविंद साहू, सोसायटी अध्यक्ष प्रहलाद पटेल, मेहत्तर चौहान, बलदेव पटेल, अशोक साहू, हेमंत चौहान, देवनारायण देवांगन, पिताम्बर यादव,दिव्य कुमार भोई, गौरव चंद्राकर, लोकनाथ खुंटे,शिक्षक, शिक्षिका, छात्र छात्राएं, पालकगण सहित क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# कन्या कौशल शिविर एवं 9 कुण्डीय नव चेतना जागरण गायत्री महायज्ञ का आयोजन



**बसना( समय दर्शन )।** बसना के गायत्री मंदिर में कन्या कौशल शिविर एवं 9 कुण्डीय नव चेतना जागरण गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन पांच दिवसीय 22 दिसंबर 2024 से 26 दिसंबर 2024 तक किया जा रहा है। जिसमे 15 से 40 वर्ष तक की बहन बेटियों को जीवन जीने की कला का विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिससे वे अपने घर को स्वर्ग बनाकर परम पूज्य गुरुदेव के उद्देश्य मनुष्य में देवत्व का उदय व धरती पर स्वर्ग के अवतरण को साकार करेंगी। आज आयोजन के पहले दिन माताओं और बहनों द्वारा नगर में रैली का भी आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में माताएं बहने शामिल रही।

# शहीद वीर नारायण सिंह शहादत दिवस समारोह में शामिल हुए विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल



**पिथौरा ( समय दर्शन )।** बसना विधानसभा क्षेत्र के ग्राम राजासेवैय्या में शहीद वीर नारायण सिंह शहादत दिवस समारोह मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल शामिल हुए। उन्होंने शहीद वीर नारायण सिंह को श्रद्धांजलि दी तथा उनकी स्मृति को नमन किया। कार्यक्रम आयोजक समिति द्वारा विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल का शाल,श्रीफल,मोरपंख पगड़ी एवं मोमेंटो से सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में छत्तीसगढ़ के प्रथम शहीद वीर नारायण सिंह ने स्वाभिमान के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है। गरीबों के लिए किए गए काम से उन्हें गरीबों का मसीहा कहा जाता है। वे सदैव ही गरीबों के प्रति हो रहे अत्याचारों के विरुद्ध आवाज उठाते रहे हैं।वीर नारायण सिंह जी ने अपने जीवन के सुखों का त्याग कर सदैव आमजनों के हितों की रक्षा हेतु अंग्रेज़ी हुकूमत के अनैतिक शासन के साथ संघर्ष किया।मातृभूमि की रक्षा करते हुए अपने प्राण तक बलिदान कर देने वाले सपूत, शहीद वीर नारायण सिंह जी की गाथा युगों-युगों तक सभी के लिए प्रेरणादायक रहेगी। देश की आजादी में अपने प्राण न्यौछावर करने वाले शहीदों में वीर नारायण सिंह का नाम आदिवासी समाज में श्रद्धा से लिया जाता है। विधायक ने सभी छत्तीसगढ़वासियों को शहीद वीर नारायण सिंह की तरह गरीबों की सहयोग करने तथा उनके बताए गए मार्ग पर चलने की अपील की। उन्होंने आगे कहा कि हमेशा से आदिवासी समाज ने छत्तीसगढ़ एवं भारतभूमि की सेवा के लिए अपनी संतान समर्पित करते आ रहें हैं,आज हमारे राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू एवं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आदिवासी समाज का चमकता हुआ सितारा है। जो निरंतर मां भारती एवं छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा में लगे हुए हैं।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष रमेश अग्रवाल, समाज अध्यक्ष दयाराम बरिहा, मुलचंद बरिहा, चेतन बरिहा, हेमसागर बिंझवार, गजेन्द्र बिंझवार, सुधराम बरिहा, दशरथ बरिहा, कार्तिक राम बिंझवार, सुकालू बरिहा, सुंदरसाय, दासरथी बरिहा, अनुप अग्रवाल, रविन्दर आजमानी, बजरंग अग्रवाल, राजेश गोयल, सुरेन्द्र पाण्डे, पुष्पराज गजेन्द्र, हरिकृष्ण नायक,परसुराम बरिहा आदि मौजूद रहे।

स्वामित्वधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक रोहित खड़तकर द्वारा समय दर्शन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स ग्राम छाटा, पोस्ट देवादा, तहसील पाटन, जिला दुर्ग ( छ.ग. ) 491111 से मुद्रित कर बी-4, प्रेस काम्प्लेक्स, इंदिरा मार्केट, दुर्ग छ.ग. 491001 से प्रकाशित। संपादक :- रोहित खड़तकर,
समाचार संपादक : दामोदर राव, फोन नं.-0788-4051213, मो. 9827104452, रायपुर कार्यालय:-0771-4218364, ईमेल - samay.darshan191@gmail.com पं. क्र. CHHHIN/2011/41517 डाक पंजीयन क्रमांक छ.ग./दुर्ग/61/2024-26